www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | मनोरंजन/खेल/व्यापार 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 10 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-265 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

अकेले हो तो विचारों पर काबू रखो और सबके साथ हो तो जुबान पर काबू रखो।

आज बेबाक

अब इसमें कोई शक नहीं कि महाराष्ट्र, नई दिल्ली और बंगाल सहित देश के कई राज्यों में कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह कितना कहर ढाएगी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद लोग सावधानी बरतने को तैयार नहीं है। नेता भी निश्चिंत होकर चुनावी गतिविधियों में व्यस्त है। यदि अभी भी नहीं सुधरे तो बहुत जल्द स्थिति बिगड़ सकती है और कई राज्यों में लाकडाउन की नौबत आ सकती है। यदि ऐसा हुआ तो एक बार फिर आपदा को अवसर के रूप में बदलने वालों की चांदी हो जाएगी और जनता पछताएगी।

सूर्योदय

उदय : 7.13 प्रात:

अस्त : 5:45 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,919,109,815

भारत: 1,401,033,540

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 48,610 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.44 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.5	17.0
बिलासपुर	26.4	15.4
जगदलपुर	29.8	13.9
अंबिकापुर	22.7	13.9

आज का दिवस

विश्व हिन्दी दिवस: विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

लाल आतंक की कायराना करतूत, फिर मुखबिरी के शक में ली दो की जान

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों की निर्मम हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया है। तीन दिन पहले भी तीन लोगों की हत्या की गई थी। घटना जांगला थाना क्षेत्र का है। इधर, बीजापुर के एसपी कमलोचन कश्यप ने मारे गए दोनों लोगों को नक्सली बताया है। उन्होंने कहा कि, नक्सली खुद के साथियों की ही हत्या कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, जिले के नक्सल प्रभावित बेलचर गांव में 2 दिन पहले नक्सलियों ने जनअदालत लगाई थी। नक्सलियों की इस जन अदालत में इलाके के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। जनअदालत में भोंगी पोयाम और कोतरापाल निवासी बोटी कुहरामी को सब के बीच खड़ा किया था। ग्रामीणों को बताया कि ये दोनों गद्दार हैं। पुलिस की मुखबिरी करते हैं। फिर दोनों की हत्या कर दी थी। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप ने कहा कि मारे गए दोनों लोगों की फाइल खंगाली गई है। ये दोनों भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में आज कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आगामी दो-तीन दिवस के भीतर ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसके तहत प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, पेण्ड्रा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर, मुंगेली, कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर तथा महासमुंद और उससे लगे जिलों में एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसके लिए आवश्यक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री, पूर्व विधायक और महासमुंद कलेक्टर कोरोना संक्रमित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार कोरोना पॉजिटिव होने के बाद होम आइसोलेट हो गए हैं। मंत्री गुरु रूद्र कुमार भूपेश कैबिनेट के दूसरे मंत्री हैं जो कोरोना के तीसरे लहर की चपेट में आये हैं।

मंत्री गुरु रुद्र ने जानकारी देते हुए कहा कि कोविड के लक्षण महसूस होने के बाद उन्होंने जांच कराई तो रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मैं ठीक हूं और डॉक्टरों की सलाह पर घर में ही आइसोलेट होकर इलाज करा रहा हूं। उनके स्टॉफ के सात कर्मचारी भी संक्रमित पाए गए हैं, उनका भी इलाज जारी है।

2 जनवरी को ही स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव कोरोना पॉजिटिव हुए थे। रविवार को मंत्री सिंह देव का रिपोर्ट हालाँकि नेगेटिव आ गया है। अब वे स्वास्थ्य हैं। अब दूसरे मंत्री के संक्रमण के बाद मंत्रिमंडल में भी हड़कंप मचा है। वहीं रायपुर के पूर्व विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए। वहीं रविवार को महासमुंद जिले के कलेक्टर डोमन सिंह का कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। संक्रमित होने के बाद सभी व्हीव्हीआईपीयों ने बीती समय उनके सम्पर्क में आये लोगों को भी कोविड टेस्ट करने सलाह दिया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 2 सप्ताह से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावों को लेकर 5 राज्यों में बीजेपी की रणनीति...

यूपी में हिन्दुत्व, उत्तराखंड में पीएम मोदी का चेहरा

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा के विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है. पंजाब को छोड़ कर बाकी चार राज्यों में बीजेपी की सरकार है. भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूपी, उतराखंड, गोवा और मणिपुर में अपनी सरकारों को बचाने की है. उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में बीजेपी की सीधी टक्कर कांग्रेस से है. वहीं इस बार यूपी चुनाव में समाजवादी पार्टी ने मुकाबले को दो तरफा बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दी है. पंजाब में बीजेपी के पास खोने को कुछ नहीं और पहली बार वह बड़े भाई की भूमिका में 70 भी अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है.

इन 5 राज्यों के चुनावों में बीजेपी की सबसे बड़ी लड़ाई यूपी में है, जहां बीजेपी ने 2014 और 2019 के लोक सभा चुनावों में बहुत बड़ी जीत हासिल की है. 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ यूपी में अपनी सरकार बनाई थी. यूपी में 2014, 2017, 2019 में मिलीं जीत के चाणक्य गृह मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि अगर 2024 में मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है तो बीजेपी के लिए 2022 में उत्तर प्रदेश जीतना जरूरी है.

यूपी में तीन सूत्रीय रणनीति बना रही भाजपा

सूत्रों की माने तो बीजेपी यूपी में मंडल, कमंडल और गरीब कल्याण की तीन सूत्रीय रणनीति बना काम कर रही है. मंडल से तात्पर्य है, गैर यादव ओबीसी जातियों को बीजेपी के साथ जोड़ना. वैसे इस बार बीजेपी के साथ ओमप्रकाश राजभर नहीं हैं लेकिन निषाद पार्टी के रूप में बीजेपी को एक ग़ैरयादव ओबीसी के रूप मजबूत सहयोगी मिला है. बीजेपी सूत्रों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब में खास रणनीति पर बढ़ रही आगे

इस बार चुनाव में पंजाब में सभी पार्टियों का समीकरण बदला हुआ है. पंजाब में बीजेपी इस बार कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुखदेव सिंह ढींढसा के साथ गठबंधन में है. बीजेपी को लगता है कि कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसानों की नाराजगी कम हुई है. फिरोजपुर में पीएम मोदी की सुरक्षा में सेंध को बीजेपी एक बड़े भावनात्मक मुद्दे के तौर पर पेश कर रही है. बीजेपी का आकलन है कि राज्य में 65 सीटें हिंदु बहुल है और वहां उनका गठबंधन अच्छा प्रदर्शन कर सकता है. वैसे भी बीजेपी को लगता है कि किसान संगठनों के चुनाव से चुनाव पंचकोणीय हो गया है. ऐसे में बीजेपी को लगता है कि किसान संगठनों चुनाव में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अकाली दल के वोट बैंक में सेंध लगाए तो इसका सीधा लाभ बीजेपी के गठबंधन को मिलेगा, इसलिए बीजेपी इस रणनीति पर आगे बढ़ रही है कि राज्य में उसके बिना सरकार न बन सके.

गोवा में हैट्रिक की उम्मीद

गोवा में बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आने के हर संभव कोशिश कर रहीं है, ये जानते हुए कि इस चुनाव उनके पास इस बार मनोहर पर्रिकर जैसा बड़ा चेहरा नहीं है जिसके नाम पर चुनाव जीता जा सके. इसलिए पार्टी ने मौजूदा प्रमोद सावंत सीएम को चेहरे के तौर पर पेश नहीं किया है. यहां भी पीएम मोदी चेहरा आगे कर चुनाव लड़ रही है. गोवा में बीजेपी को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के मैदान में आने से सत्ता विरोधी मतों के विभाजन की फायदा उन्हें ज़बरदस्त तरीके से मिलेगा.

मणिपुर में बीरेन सिंह ही हैं चेहरा

वहीं मणिपुर में बीजेपी अपने गठबंधन के सहयोगियों बूते पर सत्ता वापसी की रणनीति पर काम कर रही है. इसके लिए उसे अपनी सहयोगी पार्टियों के चुनाव जीतने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल कराने में कोई संकोच नहीं है. मणिपुर में बीते दो सालों में मुख्य विपक्षी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं को बीजेपी में शामिल चुकी है. वहां बीजेपी ने मौजूदा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तराखंड में मोदी के चेहरे पर लड़ रही चुनाव

वहीं उत्तराखंड में इतिहास गवाह है कि वहां किसी भी पार्टी सरकार लगातार दो बार सत्ता पर काबिज नहीं हुई है, इसलिए बीजेपी ने सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए तीन बार मुख्यमंत्री बदल डाले. बीजेपी सूत्रों की माने तो पार्टी पीएम मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है. 2017 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अरब सागर में पकड़े गए 10 पाकिस्तानी, नाव से भारतीय क्षेत्र में घुस रहे थे

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है। पोरबंदर में भारतीय तटरक्षकों ने रविवार को दस पाकिस्तानियों को भारतीय जल सीमा में पकड़ा है और यह सब तब हुआ जब तटरक्षक जहाज 'अंकित' ने शनिवार रात अरब सागर में अपने ऑपरेशन के दौरान एक पाकिस्तानी नाव 'यासीन' को पकड़ा है। इस नाव में चालक दल के साथ पाकिस्तानी सवार थे।

दरअसल, न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया कि पाकिस्तानी नाव भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी। फिलहाल भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों ने कहा है कि पाकिस्तानी चालक दल को पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी नाव भारतीय जल क्षेत्र के अंदर छह से सात मील की दूरी में प्रवेश कर चुकी थी। जैसे ही भारतीय तटरक्षक जहाज को पाकिस्तानी नाव ने देखा वे वापस भागने लगे, इसके बाद उनको पकड़ा गया।

बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को ही बीएसएफ ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में सीमा पर पाकिस्तान की नाव पकड़ी गई थी। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया था कि पेट्रोलिंग के दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नाव पकड़ी गई थी। ऐसे नाव के इस्तेमाल से ड्रग्स की खेप पहुंचाई जाती है। ठंड के दिनों में पाकिस्तानी घने कोहरे का फायदा उठाकर ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।

पंजाब में तो हाल के दिनों में पाकिस्तान के कई सारे ड्रोन भी पकड़े गए हैं। पिछले महीने इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर पाकिस्तानी नौका को भारतीय समुद्री सीमा में पकड़ा था। इसकी तलाशी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ पुलिस को सीएम भूपेश की सौगात

अब छग में सहायक आरक्षकों को भी आरक्षकों की तरह वेतन व प्रमोशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए बड़ी खबर है। सरकार ने सहायक आरक्षकों के वेतन में वृद्धि और सहायक आरक्षकों को आरक्षक के समकक्ष पद पर पदोन्नति का तोहफा दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ पुलिस में कार्यरत सहायक आरक्षकों को नववर्ष की सौगात देते हुए आरक्षक के समकक्ष पद पर पदोन्नति एवं वेतन भत्ते प्रदाय किये जाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित करने हेतु पुलिस मुख्यालय को निर्देशित किया गया है। इससे सहायक आरक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी होगी और वे अन्य भत्तों एवं सुविधाओं के भी पात्र होंगे। मुख्यमंत्री बघेल की इस घोषणा से सहायक आरक्षकों में हर्ष का माहौल है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशों का तत्काल पालन करने हेतु गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा पुलिस मुख्यालय को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश के पालन में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने विस्तृत प्रस्ताव शासन की ओर से प्रेषित किया गया है।

बुल्ली बाई के बाद 'Sulli Deals' पर ऐक्शन

दिल्ली पुलिस ने इंदौर से मास्टरमाइंड को अरेस्ट

नई दिल्ली। मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाने वाली 'सुल्ली डील्स' ऐप के मास्टरमाइंड ओंकारेश्वर ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। यह मुस्लिम महिलाओं को ट्रोल करने के लिए ट्विटर पर बनाए गए ग्रुप का सदस्य था। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया था कि वह ट्विटर पर एक ट्रेड-ग्रुप का सदस्य था और एक धर्म विशेष की महिलाओं को बदनाम करने और ट्रोल करने की मंशा रखता था।

दरअसल, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस के DCP के. पी. एस. मल्होत्रा ने बताया कि ओंकारेश्वर ठाकुर ने GitHub पर एक कोड विकसित किया था। GitHub की पहुंच समूह के सभी सदस्यों के पास थी। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर ऐप को शेयर किया था। समूह के सदस्यों द्वारा एक धर्म विशेष की महिलाओं की तस्वीरें अपलोड की गईं। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगले राष्ट्रपति के चयन सहित 19 राज्यसभा सीटों को तय करेगा पांच राज्यों का विस चुनाव

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव तारीखों का ऐलान हो चुका है। इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों का प्रभाव इस साल जुलाई में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर पड़ेगा। इतना ही नहीं इन विधानसभा चुनाव परिणामों का प्रभाव 19 राज्यसभा सीटों पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह है कि इन्हीं पांच में से तीन राज्यों की 19 सीटें खाली होने वाली हैं।

दरअसल, हाल ही में चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। इन चुनाव परिणामों से कई राजनीतिक दलों की दशा और दिशा तो तय होगी ही साथ ही इसके परिणाम दूरगामी साबित होने वाले हैं। इस साल जुलाई में राज्यसभा की 73 सीटों पर चुनाव होंगे। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, उनके परिणाम का असर राज्यसभा चुनाव पर पड़ेगा। इसीलिए सभी दल एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे।

चुनावी एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर पांच राज्यों के परिणाम पिछली बार की तरह आए तो सत्तारूढ़ बीजेपी अपनी पसंद का राष्ट्रपति आसानी से चुन लेगी, लेकिन अगर उलटफेर हुए या नजदीकी मामले भी रहे तो बीजेपी को इस बार दिक्कत हो सकती है। क्योंकि पिछले कुछ सालों से बीजेपी का तमाम विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। अगर ऐसा हुआ तो विपक्षी दलों के सामने राज्यसभा चुनाव में बीजेपी को मशक्कत करनी पड़ सकती है। एक तथ्य यह भी है कि इस पांच राज्यों में कुल 690 विधायक चुने जाने हैं और इन चुनावों से ही 19 राज्यसभा सीटों का गणित भी साफ होगा। पांच में से तीन राज्यों की 19 सीटें खाली होने वाली हैं। मालूम हो कि विधायक और सांसद मिलकर इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं जो राष्ट्रपति के चुनाव में हिस्सा लेते हैं।

गरमा-गरम

फैसला ... पंजाब में सुरक्षा चूक मामले में दाखिल है अलग-अलग याचिका, की गई व्यापक जांच मांग

प्रधानमंत्री मोदी की 'सुरक्षा में चूक' मामले में शीर्ष अदालत में सुनवाई आज

नई दिल्ली (ए.)। उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया पंजाब यात्रा के दौरान हुई 'सुरक्षा में चूक' मामले में दायर एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। 'लॉयर्स वॉयस' नामक एक संगठन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ द्वारा किये जाने की संभावना है। शीर्ष अदालत ने गत शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को प्रधानमंत्री की इस यात्रा के मद्देनजर किये गये सुरक्षा उपायों से संबंधित रिकॉर्ड को सुरक्षित और संरक्षित रखने का निर्देश दिया था।

पीठ ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा अलग-अलग गठित जांच समितियों को सुनवाई की अगली तारीख (10 जनवरी) तक जांच का काम आगे न बढ़ाने को कहा था। हालांकि पीठ ने इस संबंध में कोई लिखित आदेश नहीं दिया था, बल्कि संबंधित वकीलों को मौखिक तौर पर कहा था कि वे अदालत की भावनाओं से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं। पीठ ने कहा था कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक और राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक अधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। पंजाब सरकार, इसकी पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों से अपेक्षित रिकॉर्ड हासिल करने वाला यह अधिकारी महानिरीक्षकपद से नीचे का नहीं होगा। याचिकाकर्ता ने पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक की व्यापक जांच की मांग की है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। याचिका में सुरक्षा व्यवस्थाओं से संबंधित साक्ष्य को संरक्षित रखने, अदालत की निगरानी में जांच किये जाने तथा इस कथित चूक के लिए जिम्मेदार पंजाब सरकार के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गयी है।

अब 26 दिसंबर को मनाया जाएगा 'वीर बाल दिवस'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऐलान किया है कि सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस साल से 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर यह घोषणा की है। उन्होंने ट्वीट किया कि यह 'साहिबजादों' के साहस और न्याय स्थापना की उनकी कोशिश को उचित श्रद्धांजलि है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्रों की मुगलों ने हत्या कर दी थी।

बिलासपुर में एक दिन में 40 बच्चों समेत 369 संक्रमित

■ अपोलो अस्पताल में 31 डॉक्टर-कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव, 237 दिन बाद आंकड़ा पहुंचा 350 के पार

बिलासपुर/ नवप्रदेश। बिलासपुर में कोरोना बेलगाम हो गया है। शासकीय व निजी ऑफिस के साथ ही अब कोरोना वायरस अस्पताल में भी पहुंच गया है। इससे अस्पताल स्टॉफके साथ ही मरीज भी सकते में आ गए हैं। शनिवार को अपोलो अस्पताल में कोरोना ने एक साथ 31 लोगों को चपेट में लिया। इधर, 24 घंटे के भीतर 369 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। कोरोना के कम्युनिटी स्प्रेड का असर अब बच्चों में देखने को मिल रहा है। एक ही दिन में जहां 40 बच्चे कोरोना की चपेट में आए हैं। वहीं, संक्रमित बच्चों की संख्या 100 के करीब हो गई है।

जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार डेढ़ से दो गुना दर से बढ़ने लगी है। स्थिति यह है कि कोरोना से नियंत्रण स्वास्थ्य विभाग से बाहर हो गया है। इससे सर्वाधिक चिंता अब बच्चों की होने लगी है। क्योंकि, अभी 15 साल से ऊपर के बच्चों को वैक्सीन लग रहा है। इससे कम उम्र के बच्चों को संक्रमण से बचाना चुनौती है। कोरोना संक्रमितों के आंकड़े बता रहे हैं कि रोज नवजात शिशु से लेकर 17 साल के बच्चे संक्रमण के शिकार हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि कोरोना वायरस का यह वैरिएंट खतरनाक रूप लेकर आया है। पहली व दूसरी लहर में कोरोना वायरस बच्चों की पहुंच से दूर था। लेकिन, यह वैरिएंट बच्चों को चपेट में ले रहा है। यही वजह है कि परिवार के एक सदस्य के संक्रमित होने पर सभी सदस्य इसके संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

लगातार संक्रमित बच्चों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने चिल्ड्रन वार्ड को कोरोना वार्ड बनाया है और उपचार की तैयारी भी शुरू कर दी है। ष्टरूाह्र डॉ. प्रमोद महाजन ने बताया कि कंट्रोल रूम व निगरानी टीम को बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने कहा गया है और संक्रमित बच्चों के परिजनों से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जनवरी में ही 1700 एक्टिव केस

हालात चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि कोरोना के दूसरी लहर में मार्च, अप्रैल व मई में ज्यादा संक्रमित मिलने लगे थे। हालांकि, तब मरीजों की स्थिति ज्यादा गंभीर थी। इस बार तीसरी लहर में जनवरी में ही कोरोना का आंकड़ा भयभीत करने लगा है। जिले में 237



दिन बाद कोरोना का आंकड़ा 350 के पार हो गया है। बताया जा रहा है कि आखिरी बार 15 मई को 373 संक्रमित पाए गए थे। तब कोरोना की दूसरी लहर कम होने लगी थी। नए मरीजों की पहचान होने के बाद जनवरी में ही 1700 से एक्टिव केस हो गए हैं। वहीं कुल संक्रमितों की संख्या 67 हजार 18 पर पहुंच गई है।

शहर के सभी इलाके हुए संवेदनशील

हाईकोर्ट, रेलवे, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, RPF, अस्पताल, पुलिस सहित अधिकांश सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी और अधिकारियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके साथ ही अशोक विहार चांटीडीह, सरहद पारा, कृष्णा कुंज विद्या नगर, अपोलो हॉस्पिटल, नेचर सिटी उसलापुर, शांति नगर तिफरा, राजकिशोर नगर, यदुनंदन नगर, राजीव विहार, बंगाली पारा, दयालबंद, दुर्गा नगर लिंगयाडीह, सदर बाजार, दीनदयाल कॉलोनी, अमन विहार, रामा वेली, चकरभाठा, देवरीखुर्द, जेल लाईन, गीतांजली विहार, तखतपुर, लोधीपारा, मंदिर चौक, मिनी बस्ती, वसंत विहार, मुंगेली नाका, आईजी ऑफिस, रेलवे जोन, समृद्धि विहार कोनी, सांई भूमि तोरवा, रामा वर्ल्ड, तारबहार, भारतीय नगर, दर्रीघाट, सिरगिट्?टी, शुभम विहार, मोपका, कतियापारा, जोरापारा, हर्षा , व्यापार विहार, वैशाली नगर, मंगला चौक, अंबा पार्क सहित अन्य जगह से संक्रमित मिले हैं।

अपोलो में 99 की कोरोना जांच की

अपोलो हॉस्पिटल में शनिवार को रैपिड एंटीजन और ट्रूनेट मिलाकर कुल 99 लोगों की जांच की गई। दोनों जांच में 31 लोग संक्रमित पाए गए। इनमें डॉक्टर और कर्मचारी के अलावा अन्य लोग शामिल हैं। अपोलो के स्वास्थ्य कर्मियों के संक्रमित मिलने के बाद संपर्क में आने वाले अन्य लोगों की भी जांच कराई जाएगी।

11 हजार से अधिक को लगा टीका

टीकाकरण अधिकारी मनोज सेमुअल ने बताया कि शनिवार को 11 हजार 219 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। 6682 ने दूसरा तो 4537 ने पहला डोज लगवाया। सबसे ज्यादा 18 प्लस वाले 5592 ने वैक्सीन लगवाई। 2076 ने पहला तो 3516 ने दूसरे डोज का इंजेक्शन लगवाया। 60 प्लस उम्र वाले 23 लोगों ने पहला और 142 ने दूसरा डोज लिया। 45 से 59 वर्ष वाले 228 ने पहला और 879 ने दूसरा डोज लगवाया। इसके साथ ही 15 से 17 वर्ष वाले 4355 टीनएजर्स ने पहला डोज लगवाया है।

हेमू नगर में 9 मरीज मिले

हेमू नगर नहर मोहल्ले में एक साथ 9 कोरोना मरीज मिले हैं। पूरे इलाके में हलचल मच गई। 51, 48, 23, 16, 81, 70, 20, 47 और 58 साल के मरीज के मिलने के बाद संपर्क में रहने वालों की तलाश शुरू हो गई है। अब उनकी भी जांच होगी।

विदेश से पांच यात्री लौटे, अब तक 353 आ गए

शनिवार को अलग-अलग देश से 5 यात्री शहर लौटे हैं। डीपरापारा निवासी एक व्यक्ति UAE, देवनंदन नगर निवासी महिला सिंगापुर से, चंदन आवास और टीकरापारा निवासी पुरुष काठमांडू और एक अन्य व्यक्ति भी विदेश से वापस आए हैं। इस प्रकार अब तक 353 लोग विदेश से लौट चुके हैं। सभी को क्वारेंटाइन किया गया है।

विदेश से आने वाले आधे से ज्यादा लोगों ने क्वारैंटाइन पीरियड पूरा कर लिया है। शनिवार को सात दिन पहले विदेश से आए 4 लोगों की जांच भी की गई।

शादी के 22 महीने बाद लूटकर भागी दुल्हन

सीजी के रिटायर्ड अफसर एमपी से लाए थे पत्नी, जमीन छुड़ाने के बहाने ले गई लाखों रुपए, ज्वेलरी, कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में चार साल पहले खाद्य विभाग से रिटायर हुए बुजुर्ग से शादी रचाने वाली दुल्हन लाखों रुपए, गहने और कार लेकर भाग निकली। पत्नी की ठगी के शिकार बुजुर्ग फरियाद लेकर चक्कर काटते रहे। पुलिस जब तक महिला को गिरफ्तारी करती, उसने दुर्ग और मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई जगहों पर अन्य लोगों से शादी रचाकर उन्हें लूट लिया। फिलहाल महिला राजस्थान की जेल में बंद है, लेकिन शनिवार को पुलिस ने उसके दो बेटों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ठगी की कार, चेक बुक और मोबाइल जब्त किया गया है।

खाद्य विभाग के रिटायर्ड अफसर मुंशीलाल पस्टारिया (78) की पत्नी की 2015 में मौत हो गई थी। लिहाजा, उन्होंने अपनी देखरेख करने के लिए शादी रचाने के लिए 2016 में विज्ञापन प्रकाशित किया था। जिसे देखकर मध्यप्रदेश के सागर की रहने वाली आशा शर्मा उर्फआरती (48) पिता इंद्राणी शर्मा ने मोबाइल के जरिए संपर्क किया। दोनों की बातचीत हुई। इसके बाद 4 अप्रैल 2016 को उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी रचाई।

शादी के बाद आशा शर्मा करीब 22 महीने अपने दो रिश्तेदार राहुल शर्मा और आशीष शर्मा के साथ उनके साथ रही।

इस दौरान मुंशीलाल का भरोसा हासिल कर अपनी जमीन के दस्तावेज छुड़ाने के बहाने 13 लाख 69 हजार रुपए, सोने-चांदी के गहने और अल्टो कार हड़प ली। इसके बाद सारा सामान लेकर साल 2017 में तीनों भाग निकले।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्ट्रेट बिल्डिंग का लिफ्ट बंद बुजुर्गों को हो रही दिक्कत

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के कम्पोजिट बिल्डिंग में बुजुर्गों की सुविधा के लिए लगाए गए लिफ्ट विगत सप्ताह से बंद पड़ा है। इस बिल्डिंग पर जिले के अलग अलग करीब दर्जन भर से अधिक कार्यालय लगते है। इस कार्यालय में शहरी तथा ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग सरकारी कार्य कराने पहुचते हैं। लंबी सीढ़ियों से बुजुर्ग लोग चढ़ नहीं पाते हैं, लेकिन लिफ्ट चालू हालत में नहीं होने के कारण बुजुर्ग बैठ बैठ कर बिल्डिंग के प्रथम मंजिल में स्थित दफ्तरों तक पहुंच रहे। बुजुर्गों की इस परेशानी की ओर से विभागीय अफसरों का ध्यान नहीं है। जबकि जिले के तमाम बड़े अफसर यहीं से गुजरते हैं। हालांकि इस संबंध में जब कलेक्टर चंदन कुमार से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि तत्काल लिफ्ट को ठीक करवाया जाएगा ताकि गांवों से पहुंचने वाले बुजुर्गों को परेशान न हो।

अप्रैल 2021 से अब तक 34 हजार लोगों को मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का मिला लाभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से जिले में अप्रैल 2021 से अब तक 34 हज़ार 639 मरीज लाभान्वित हुए है। सप्ताह के एक दिन लगने वाले हाट-बाजार में ग्रामीण इलाकों में उत्सव जैसा माहौल होता है, जहां आसपास के गांवों से लोग रोज़मर्रा की जरूरतों का सामान खरीदने आते है। दरअसल मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है कि दूर-दराज के ग्रामीणजनों को बाजार में ही इलाज की सुविधा मिल सके और अपने इलाज के लिए उन्हें लम्बी दूरी तय कर अस्पताल न आना पड़े। हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं को लक्षण के आधार पर जांच उपरांत निःशुल्क दवाईयां मिल रही है। उम्र-दराज लोगों के लिए तो यह किसी उपहार से कम नहीं है, प्रशासन ने उनके दरवाजे तक अस्पताल पहुंचा दिया है। हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से अप्रैल 2021 से अब तक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 945 हाट-बाजारों में पहुंची जहां 34 हजार 639 लोगों का उपचार किया। साथ ही 34 हजार 18 लोगों को निःशुल्क दवाइयां दी गई तथा टीम ने प्रत्येक हाट-बाजारों में औसतन 37 लोगों का उपचार किया।

स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता तथा दूरस्थ अंचलों तक इसका दायरा बढ़ाने के लिए हाट-बाजारों में 06 मोबाईल क्लीनिक एम्बुलेंस का भी सहारा लिया जा रहा है। मोबाईल एम्बुलेंस क्लीनिक के माध्यम से चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों का दल हाट-बाजारों में लोगों का इलाज कर निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करा रहा है। प्रशासन के निर्देशानुसार वर्तमान में 48 हाट-बाजारों में मोबाईल एम्बुलेंस की सेवा दी जा रही है तथा सभी हाट-बाजारों को चक्रिय क्रम में मोबाईल एम्बुलेंस की सेवा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

कोविड संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कोर टीम का गठन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में कोविड संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने तथा जांच से लेकर उपचार तक के बेहतर प्रबंधन के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर टीम का गठन किया गया है। कोर टीम के गठन के साथ ही जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। नोडल अधिकारी के रूप में संयुक्त कलेक्टर आरएन पाण्डेय कोविड सैंपलिंग के लिए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह को प्रतिदिन पॉजिटिव प्रकरण की सूची उपलब्ध कराने, संयुक्त कलेक्टर एचएल गायकवाड़ को कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग से संबंधित कार्य, जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत ओम प्रकाश गुप्ता को कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग व सैंपलिंग टीम के मध्य समन्वय के लिए, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव को कंटेनमेंट जोन का निर्धारण एवं आदेश तथा पॉजिटिव मरीजों के घरों को कंटेनमेंट जोन बनाना, डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार निकुंज को एक्टिव सर्विलेंस, सहायक संचालक उद्यान पतराम सिंह को होम आइसोलेशन की मानिटरिंग एवं जानकारी साझा करने संबंधी कार्य, ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् को होम आइसोलेटेड मरीज के घर से निकलने वाले घरेलू अपशिष्टों का संग्रहण एवं समुचित प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है।

एक रुपए जमा कर खाते से निकाल लिए हजारों रुपए

■ फीस जमा करने के बहाने लगाया चूना

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर में जिम मैनेजर कथित आर्मी मैन के झांसे में आ गया। अपने कर्मचारी के अकाउंट में एक रुपए जमा कराने के बाद वह 71 हजार रुपए की ठगी का शिकार हो गया। दरअसल, ठग ने आर्मी का जवान बनकर कॉल किया और बताया कि उसका परिवार बिलासपुर में रहता है। वह अपनी पत्नी व बच्चों को जिम भेजना चाहता है। उसने जम्मू से ऑनलाइन फीस जमा करने की बात कही और मैनेजर को झांसे में लेकर खाते से रकम ट्रांसफर कर लिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार व्यापार विहार निवासी राजकमल मिश्रा (40) जिम के मैनेजर हैं। मूलत मध्यप्रदेश के रहने वाले मैनेजर के मोबाइल में शनिवार की शाम करीब 6 बजे अनजान नंबर से फोन आया।

बात करने वाले ने अपना नाम विकास पटेल बताया। उसने कहा कि वह इंडियन आर्मी में है और जम्मू-कश्मीर में उसकी पोस्टिंग है। उसने बताया कि उसकी पत्नी व बच्चे बिलासपुर में ही रहते हैं।

छात्र-छात्राओं को विधि की जानकारी देने के लिए शिविर का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिराजुद्दीन कुरैशी के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो कोर्ट) वंदना दीपक देवागन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेशमा बैरागी ने शासकीय हाई स्कूल विश्रामनगर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तातापानी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये श्रीमती वंदना दीपक देवांगन ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुये मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग करने को कहा। साथ ही छात्रों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के संदर्भ में उपभोक्ताओं को ऐसे सामानों के खरीदी के प्रति सचेत किया गया,।

जो बीआईएस मानकों के

निजी अस्पतालों की मनमानी रोकने व निरीक्षण के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम करेगी दौरा

नगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने स्वास्थ्य महकमे की ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक शैलेष पांडेय ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए तैयारी एवं व्यवस्थाओं के लिए स्वास्थ्य महकमे की सेंट्रल लाइब्रेरी हॉल सरकंडा में विस्तृत बैठक ली, उन्होंने बिंदुवार स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों से विस्तृत आंकड़ों सहित होम आइसोलेशन, टेस्टिंग, ट्रेसिंग, दवाइयां, बेड, वैक्सीनेशन, निजी अस्पतालों सहित जानकारी मांगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने होम आइसोलेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 1675 सक्रिय मरीज होम आइसोलेटेड हैं। जिन्हें प्रतिदिन स्वास्थ विभाग फोन के माध्यम से बातचीत करके स्वास्थ संबंधी जानकारी पूछता है, और यह प्रक्रिया पूरे 10 दिन होती है इसके साथ ही परिवार के सदस्यों का भी कोविड टेस्ट होता है, एवं उन्हें आवश्यक दवाइयां घर पहुंचा कर उपलब्ध कराई जा रही है, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार लगभग 150 बच्चे कोरोना संक्रमित हैं जिन्हें गाइडलाइन के अनुसार वैक्सीन नहीं लग पाई है। इसके साथ ही विदेशी नागरिक एवं अन्य राज्यों से आने वाले नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विभाग को एयरपोर्ट एवं रेलवे जानकारी उपलब्ध कराता है, उसके माध्यम से ट्रेसिंग प्रक्रिया की जाती है। इन सभी के अनिवार्य रूप से कोविड टेस्ट किया जाता है एवं गाइडलाइन पालन करने कहा जाता है। अधिकारियों ने बच्चों के वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 वर्ष से 18 वर्ष के कुल 1 लाख 10 हजार बच्चों को कोविड वैक्सीन लगाया जाना है, जिसके लिए 10 दिन का टारगेट तय किया गया है, वहीं अब तक 46 हजार बच्चों को प्रथम डोज लगाई जा चुकी है, इसके लिए स्कूलों में शिविर आयोजित कर बच्चों को कोविड वैक्सीन लगाई जा रही है।

4 हजार लोगों का रोजाना टेस्ट

स्वास्थ्य अधिकारियों ने टेस्टिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन लगभग 4000 लोगों का कोरोना परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए तीन मापदंड तय किए गए हैं, विदेश एवं अन्य राज्यों से हवाई यात्रा के माध्यम से यात्री एयरपोर्ट पहुंचता है उन्हें रैंडम टेस्ट किया जा रहा है, इसके साथ ही रेलवे और बस से सफर करने वाले लोगों का कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के माध्यम से भी कोरोना परिक्षण किया जा रहा है। तो वही कोरोना लक्षण जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, सर दर्द है ऐसे लोगों का भी परीक्षण किया जा रहा है।

पैसे कम पड़ गए तो चुरा लिया मोबाइल

■ जींस-टॉप पहनकर दुकान में पहुंची युवती, बोली-भैया फोन दिखाओ, फिर धीरे से जेब में डालकर निकल गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के दुकान में जींस-टॉप पहनकर पहुंची युवती के मोबाइल चोरी करने का वीडियो सामने आया है। युवती मोबाइल खरीदने के लिए दुकान में पहुंची थी और उसने दुकानदार से कहा था कि भैया फोन दिखाओ। मोबाइल दिखाने के बाद जब दुकानदार यहां-वहां व्यस्त हो गया तो वह धीरे से जेब में फोन डालकर निकल गई।

दुकान संचालक ने युवती को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी युवती से मोबाइल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। युवती से पूछताछ में उसने बताया है कि वह दुकान मोबाइल खरीदने गई थी। उसके पास 10 से 12 हजार थे। मगर उसे

मंहगा फोन पसंद आ गया। इसलिए उसकी नीयत बिगड़ गई और उनसे फोन चुरा लिया।

जानकारी के अनुसार, रामायण चौक निवासी अमित जोतवानी की पुराना बस स्टैंड स्थित राजीव प्लाजा में मोबाइल की दुकान है। 7 जनवरी को उनकी दुकान में एक युवती युवक के साथ पहुंची, वह चेहरे पर मास्क भी लगाए हुई थी।

दुकान में वह मोबाइल खरीदने की बात कह रही थी। इस दौरान कर्मचारियों ने उसे मोबाइल दिखाए। फिर कर्मचारी दुकान में दूसरे ग्राहकों में बिजी हो गए। तभी मौका पाकर युवती ने चुपके से एक मोबाइल को छिपाकर रख लिया। युवती के बिना मोबाइल खरीदे दुकान से जाने के बाद संचालक को शक हुआ। तब ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे से दुकान की तलाशी ली। फुटेज में युवती मोबाइल चोरी करते नजर आ रही है। लिहाजा, दुकान संचालक व कर्मचारी उसकी जानकारी जुटाने लगे। शनिवार की शाम वह फिर से राजीव प्लाजा में दिख गई। इस दौरान व्यापारियों ने उसकी पहचान कर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

कुदुदंड की रहने वाली है युवती

CCTV कैमरे में मोबाइल चोरी करते युवती के नजर आने के बाद दुकान संचालक ने उसकी जानकारी जुटाई। तब उसकी पहचान कुदुदंड की रहने वाली परविन (23) के रूप में की गई। TI जेपी गुप्ता ने बताया कि युवती घरेलु काम करती है और वह 11वीं तक पढ़ी है। पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर ली है।

निर्माणाधीन महत्वपूर्ण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

■ कार्य में गति लाने के दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर द्वारा बिलासपुर में चल रहे निर्माण कार्यो का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। लगातार निरीक्षण के चलते वर्षो से लंबित प्रोजेक्ट तिफरा फ्लाई ओवर अब लगभग पूर्णता की ओर है। इसी तर्ज पर कलेक्टर अन्य निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण कर रहे हैं। आज उन्होंने एन.एच.ए.आई. के निर्माणाधीन कार्यो का जायजा लेकर कार्य को कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए और पूरी सावधानी बरतते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने कहा। कलेक्टर डॉ. मित्तर ने आज एन.एच.ए.आई. के दो महत्वपूर्ण कार्य रायपुर से बिलासपुर रोड में निर्माणाधीन पेण्ड्रीडीह फ्लाईओवर और बिलासपुर से पथरापाली सड़क कार्य का निरीक्षण किया । एन.एच.ए.आई. के कार्यो का निरीक्षण कलेक्टर ने विगत 06 माह पूर्व भी किया था। वे लगातार इन कार्यो की मानिटरिंग स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले रायपुर से बिलासपुर रोड में निर्माणाधीन पेण्ड्रीडीह फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। यह फ्लाईओवर 800 मीटर लंबा है। न.एच.ए.आई. के मौजूद अधिकारियों ने निर्माण कार्य की जानकारी विस्तार से दी।

कोरोना | **एक सप्ताह से पेंडिंग हैं चार जिलों के 1700 सैंपल, स्टॉफ की भी कमी**

सीआईएमएस के वायरोलॉजी लैब में कोरोना की एंट्री, 4 स्टॉफ कोरोना पॉजिटिव

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सीआईएमएस (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) के वायरोलॉजी लैब में कोरोना की एंट्री से दहशत फैल गया है। यहां के चार स्टॉफ कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इसके चलते RT-PCR जांच प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और बलौदाबाजार जिले के 1700 से अधिक सैंपल पेंडिंग है।

सीआईएमएस के वायरोलॉजी लैब में जिले के साथ ही मुंगेली, पेंड्रा-गौरेला-मरवाही और बलौदाबाजार जिले के RT-PCR सैंपलों की जांच हो रही है। कोरोना का संक्रमण बढ़ने के साथ ही स्टॉफपर भी काम का दबाव बढ़ गया है। इस दौरान पिछले तीन दिन में लैब के चार स्टॉफभी कोरोना के चपेट में आ गए हैं। लिहाजा, सैंपल की जांच प्रभावित होने

लगी है।

लैब में बिलासपुर जिले के औसतन रोज 700 सैंपलों की जांच हो रही है। इसी तरह बलौदाबाजार, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व मुंगेली जिले से 100 से लेकर 225 सैंपल रोज भेजे जा रहे हैं। कोरोना का संक्रमण बढ़ने के साथ ही सभी जिलों में सैंपल की संख्या बढ़ा दी गई है। इसके चलते लैब में 1700 से अधिक सैंपल पेंडिंग हैं।

तीन शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं 25 स्टॉफ

यहां लैब में करीब 25 स्टॉफहैं, जो तीन शिफ्ट में काम कर रहे हैं। ऐसे में यहां स्टॉफ की कमी है और कार्यरत टेक्नीशियन पर काम का दबाव बढ़ गया है। यही वजह है कि कोरोना संक्रमण बढ़ने के साथ ही सैंपल लगातार पेंडिंग हो रहे हैं।

बिलासपुर में ज्यादा संक्रमण इसलिए दी जा रही प्राथमिकता

बिलासपुर में संक्रमण तेजी से फैलने के बाद जिला प्रशासन के अफसरों की नजर ष्टढ्ढरूस् के वायरोलॉजी लैब पर है। दरअसल, एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव या निगेटिव आने पर लोग RT-PCR कराने के लिए जद्दोजहद करते हैं। इसके चलते जिला प्रशासन के अफसर लगातार निगरानी कर रहे हैं और बिलासपुर के सैंपलों के रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर देने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

पर्याप्त स्टॉफहो तो हो सकती है 1400 सैंपलों की जांच

बताया जा रहा है कि वायरोलॉजी लैब में एक दिन में 1400 सैंपल की जांच हो सकती है। लेकिन, स्टॉफकी कमी के चलते ही करीब 1000 सैंपल की जांच हो रही है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में कोरोना का संक्रमण बढ़ने के साथ ही यहां स्टॉफपर काम का दबाव भी बढ़ गया है। यही वजह है की बिलासपुर के साथ ही बाकी जिलों के सैंपल एक सप्ताह से पेंडिंग है।

रोज 100 से अधिक मिल रहे पॉजिटिव

सीआईएमएस के वॉयरोलॉजी लैब में दिसंबर के पहले से लेकर दूसरे व तीसरी सप्ताह तक ऋञ्ज-क्कष्टक्र टेस्ट में महज दो से चार ही पॉजिटिव केस मिल रहे थे। लेकिन, दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर अब तक लगातार पॉजिटिव मरीजों की संख्या तेजी से बढ रही है। स्थिति यह है कि अब रोज 100 से 150 पॉजिटिव मिल रहे हैं।

हेल्थ केयर, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से ऊपर कोमोर्बिटी वालों को 10 जनवरी से लगेगा प्रीकॉशन डोज

■ डॉक्टर, एम्बुलेंस, अस्पताल या अन्य जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने जयस्तंभ चौक स्थित आईटीएमएस(वार रूम) में कोरोना वायरस के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर ने जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को मरीजों को अस्पताल या होम आइसोलेशन में रहने के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना मरीजों का कॉन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग नियमित रूप से किया जाय तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई छूटे नहीं। रायपुर जिले में 10 जनवरी आगामी सोमवार से सभी चिकित्सा केंद्रों में हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से ऊपर कोमोर्बिटी वालों का प्रीकॉशन डोज़ लगाया जाना है। इसके लिए इन श्रेणी में आने वालों को पूर्व में द्वितीय डोज लगने के दिनांक से 9 माह की अवधि पूर्ण करने वालों को ही प्रीकॉशन डोज़ लगाया जाएगा। जिले के 34 शासकीय कार्यालयों में भी यह प्रीकॉशन डोज लगाया जाएगा।

ज्ञात हो कि जिले में शासकीय

होम आइसोलेशन और अस्पतालों में बिस्तर की स्थिति वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है

अस्पतालों में कुल 1525 बिस्तर की सुविधा है, जिसमे अभी 1494 बिस्तर रिक्त है। इसी तरह निजी अस्पतालों में 3322 बिस्तर की सुविधा है, जिसमें से 3262 बिस्तर रिक्त है। इस तरह जिले में शासकीय और निजी अस्पतालों में कुल 98 प्रतिशत बिस्तर मरीजों के लिए रिक्त है।

यह भी उल्लेखनीय है कि होम आइसोलेशन में रहने को इच्छुक मरीज अपना पंजीयन homeisolation.cgcovid.in में कर सकते हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले कोरोना संक्रमित मरीजों को घर पहुँच दवाई भी उपलब्ध करायी जाएगी। इसी तरह न केवल रायपुर जिला अपितु राज्य के किसी भी जिले के शासकीय और निजी अस्पतालों में बिस्तर की स्थिति के लिए govthealth.cg.gov.in पर जानकारी ली जा सकती है।

कोविड-19 के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए रायपुर जिले में नागरिकों की सुविधा के लिए 24×7 नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। ऐसे नागरिक जिन्हें कोरोना की जांच, आइसोलेशन की सुविधा, अस्पतालों की सुविधा, एंबुलेंस, डॉक्टर से परामर्श या अन्य चिकित्सा संबंधी जानकारी लेनी है, वे नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नं.-78801-00331, 77124-45785, 78801-00332 में संपर्क कर सकते हैं। नियंत्रण कक्ष में 3 शिफ्ट में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बैठक में होम आइसोलेशन, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने, कॉन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग,अस्पतालों में ऑक्सीजन की व्यवस्था,बाहर से आने वाले लोगों की कोरोना जांच, शासकीय अस्पतालों में बैड एवं दवाइयां की उपलब्धता सहित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कलेक्टर ने बिना मास्क पहने घूमने वालों पर नगर निगम और पुलिस विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सर्वश्री गोपाल वर्मा, बीसी साहू सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

शनिवार को मिले 3455 नए मरीज, संक्रमण दर बढ़कर 7.43 प्रतिशत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बीते एक सप्ताह में संक्रमितों की संख्या 7 गुना बढ़ गई है। शनिवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में संक्रमण दर 7.43 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं अब प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 13 हजार 66 हो गई है। बता दें कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 3455 नए केस आए। शनिवार को 46 हजार 495 टेस्ट हुए। इस दौरान गंभीर बीमारी वाले 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं शनिवार को 69 लोग स्वस्थ हुए। जिलेवार मरीजों की संख्या- रायपुर 1024, दुर्ग 463, रायगढ़ 455, बिलासपुर 372, कोरबा 319, जशपुर 189, जांजगीर 177, राजनांदगांव 85, सरगुजा 65, बलौदाबाजार 47, कोरिया 34, धमतरी 30, सूरजपुर 9, मुंगेली 22, बालोद 20, सुकमा 20, कांकेर 17, बीजापुर 14, कबीरधाम 14, बस्तर 11, बलरामपुर 11, कोंडागांव 09, बेमेतरा 08, दंतेवाड़ा 07, महासमुंद 05, गरियाबंद 04, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 04 कोरोना पाजिटिव पाये गए है।

चोरी की वाहन बेचने गए दो आरोपी दबोचे गए, 9 दोपहिया वाहन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की नौ दोपहिया बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राहुल तांडी पूर्व में चाकू से वार कर लूट के मामले में जेल में गया था। जबकि दूसरा आरोपी दिनेश साहू भी पूर्व में लूट के के मामले जेल में बंद रहा है। राजधानी के मौदहापारा थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से दोनों आरोपियों को पकड़ा है। बता दें कि रायपुर में अलग-अलग थानों में दो पहिया चोरी की घटनाओं पर पुलिस को इन आरोपियों की तलाश थी। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मौदहापारा थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित मस्जिद पास दो व्यक्ति सस्ते दाम में वाहन बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया चोरी की गाड़ी की पहचान मिटाने के लिए उसका नंबर प्लेट बदलकर दूसरा नंबर प्लेट लगा देते थे। पुलिस को चोरी की वाहन बेचने की जानकारी मिली थी। इसकी जानकारी मिलने पर मौदहापारा पुलिस ने पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपितों को पकड़ा। इस दौरान दोनों आरोपित चोरी के वाहन के साथ खड़े थे।

विश्व हिंदी दिवस पर विस अध्यक्ष महंत ने प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई शुभकामनाएं दी है। डॉ महंत ने कहा, प्रेम, सदभाव, सरलता, सभ्यता, भाईचारा, अपनत्व की भाषा है हिंदी, भारत की एकता अखंडता का प्रतीक है हिंदी। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने बताया कि, दुनिया भर में हिन्दी के चाहने वालों के लिए 10 जनवरी का दिन बेहद खास है क्योंकि इस दिन विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का मकसद दुनिया भर में हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। विश्व में जिन देशों में भारत के दूतावास हैं वहां खास तौर पर इस दिवस को मनाया जाता है, विश्व हिन्दी दिवस के इतिहास की बात की जाए तो साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के तौर पर मनाए जाने की घोषणा की थी। तभी से इस दिन विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

परीक्षार्थियों से भरा स्कार्पियो पलटा,1 की मौत 3 घायल

भाटापारा। शिक्षक पात्रता परीक्षा दिलाने जा रहे परीक्षार्थियो से भरा स्कार्पियो वाहन ग्राम राजाढार के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर पलटी खा गया जिसमें 1 की मौत हो गई वही 3 घायल हो गए।घायलों का इलाज सिविल अस्पताल मे जारी है वही वाहन चालक को उचित इलाज हेतु रायपुर रिफर किया गया है।ग्रामीण पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना से मिली जानकारी अनुसार रविवार की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास बलोदा बाजार मार्ग पर शहर सीमा से 3 किमी दूर ये हादसा हुआ। ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया कि रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने स्कार्पियो वाहन क्रमांक 07 एम बी 2819 में सवार होकर 7 लोग भावना हिंवार,अंजली वर्मा,ज्योति धुव,अंजली यादव,निशा वर्मा,वारुणी,चंद्रशेखर साहू लवन जा रहे थे कि वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए ग्राम राजाढार के पास वाहन चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन पेड़ से टकरा कर पलटी खा गया जिसमें वाहन में सवार सभी लोगो को घायल अवस्था मे इलाज हेतु अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट पहुँचने से ज्योति धुव पति लव धुव उम्र 32 साल माता देवालय निवासी को मृत घोषित कर दिया। घटना में 3 अन्य को गंभीर चोटें आई है जिनका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है वही वाहन चालक को रायपुर रिफर कर दिया गया। ग्रामीण पुलिस ने मृत ज्योति धुव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप कर वाहन चालक के खिलाफ मर्ग जांच पश्चात धारा 279,337,304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तफ्तीश कर रही है।

कोरोना मरीजों की सहायता के लिए 24 घंटे संचालित है जिला प्रशासन कंट्रोल रूम

■ कंट्रोल रूम के दूरभाष- 07712445785, 7880100331, 7880100332 से मिल रही है मदद और पूरी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना प्रभावित हर मरीज को तत्काल सहायता सुलभ कराने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में यहां नियुक्त डॉक्टर, काउंसलर और कर्मचारियों की टीम

डॉक्टर, काउंसलर कोरोना मरीजों से बात कर बढ़ा रहे हैं हौसला

इस कंट्रोल रूम के जरिए 24 घंटे मरीजों की सहायता में जुटी हुई है।

नोडल अधिकारी डॉ. अंजली शर्मा के नेतृत्व में 150 कर्मचारी इस काम में तैनात है। होम आईसोलेशन में रहकर कोरोना का उपचार करा रहे हर मरीज की जरूरतों को पूरा करने का काम यह टीम करती है। जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के दूरभाष- 07712445785, 7880100331, 7880100332 के अलावा मरीजों को चिकित्सकीय सहायता सुलभ कराने हेतु 7566100283, 7566100284, 7566100285, 7880100313,

7880100314, 7880100315 और अन्य सामान्य जानकारी के लिए 8602270023, 8602290023, 8602780023, 8602920023, 0771432000202 नंबर के जरिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इन दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर मरीज और उनके परिजन हर तरह से सहायता प्राप्त कर सकते है।

इस कंट्रोल रूम से संपर्क कर ऐसे मरीज जो किसी कारणवश अपने निजी डॉक्टर से संपर्क नहीं कर पा रहे है या जिन्हें डॉक्टरी परामर्श की आवश्यकता है, वे भी यहां नियुक्त ड्यूटी डॉक्टर संपर्क कर आवश्यक परामर्श प्राप्त करते हैं। किसी मरीज को होम आइसोलेशन से अस्पताल भेजने की आवश्यकता होने पर एंबुलेंस की व्यवस्था, संबंधित अस्पताल में भर्ती हेतु समन्वय का काम भी रायपुर जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम की यह टीम करती है। होम आईसोलेशन के दौरान मरीज को दवा की उपलब्धता, कोरोना जांच संबंधी जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य भी जिला प्रशासन का यह कंट्रोल रूम करता है।

यह कंट्रोल रूम बीमारी के दौरान मरीजों को खानपान एवं परहेज के संबंध में अवगत कराने के साथ-साथ कोरोना प्रोटोकॉल नियम के पालन के लिए भी प्रेरित करता है। निरंतर 24 घंटे अपनी सेवा देने वाले इस कंट्रोल रूम से कोरोना संक्रमण के दौरान सहायता के लिए किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है।

लॉकडाउन लगने की अफवाह के बीच सिगरेट, गुटखा एवं खाद्य सामानों की जमकर हो रही कालाबाजारी

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना वायरस कोविड-19 की तीसरी लहर के बीच जहां प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव के मामले शनिवार रात 3455 दर्ज किए गए हैं, वहीं सिर्फ रायपुर जिले में ही 1024 मामलों के मिलते ही राजधानी में लॉकडाउन लगने की अफवाह सरगर्म है जिसके चलते पिछले 2 लॉकडाउन में सिगरेट, गुटखा, पान मसाला, खाद्य सामग्री यथा खाद्य तेल, किराना सामान एवं रोजमर्रा उपयोग होने वाले सामानों के मूल्यों में एकाएक वृद्धि से जहां उपभोक्ता परेशान हैं वहीं जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में खाद्य विभाग द्वारा कोई गई उदासीनता के प्रति कालाबाजारियों एवं मुलाफाखोरों

के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से लोग चिंतित हो गए हैं, वहीं कृत्रिम रूप से आवश्यक वस्तुओं में जमाखोरी की खबरें भी सूत्रों से मिली है। राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक लॉकडाउन के संबंध में तीसरी लहर को लेकर अधिकारिक तौर पर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, बावजूद इसके छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं अनेक राज्यों में ओमीक्रॉन के बढ़ते मामलों को लेकर वहां की राज्य सरकारों द्वारा जहां रात में नाईट कर्फ्यू लगाया गया है वहीं दूकानों का समय रात 10 बजे बंद करने के आदेश एवं सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू जारी रहने की स्थिति का लाभ उठाकर कतिपय व्यापारी आम लोगों को लॉकडाउन का भय दिखाकर अपनी दूकान जमकर चला रहे हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्यवाही के अभाव में अधिकतम उपभोक्ता वस्तुएं दुगुने-चौगुने दामों में बिकने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस संबंध में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता जेडी बाजपेयी ने मुख्यमंत्री से जमाखोर एवं मुनाफाखोर अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

आठ एनजीओ के अवेंजर्स का पोस्टर का हुआ विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना की विषम परिस्थितियों में जरूरतमंदों के सहयोग के लिए नगर की आठ स्वयंसेवी संगठनों ने संयुक्त रूप से मिलकर रायपुर कोविड अवेंजर्स रूप बनाया है। स्पेशल टास्क फोर्स के तौर पर कार्य करते हुए यह रूप रायपुर जिला प्रशासन के साथ मिलकर कोरोना मरीजों को हर संभव सहायता सुलभ कराएंगे।

इस टीम के सदस्यों ने संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, कलेक्टर सौरभ कुमार, नगर निगम कमिश्नर प्रभात मलिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल से भेंटकर अपनी रणनीति की जानकारी उन्हें दी। इस मौके पर एवेंजर्स ग्रुप के पोस्टर का विमोचन किया गया। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने इनके प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए जिला प्रशासन के साथ मिलकर एन.जी.ओ. द्वारा किए जा रहे कार्यों जिक्र किया।

एटीएम मशीन से कैश चोरी करने का किया प्रयास

सफल नहीं होने पर किया मशीन में तोड़-फोड़

रायपुर/नवप्रदेश। एटीएम मशीन में तोड़-फोड़कर कैश चोरी करने की कोशिश तथा एक नग एटीएम में लगे राउटर चोरी कर लेने की रिपोर्ट मौदहा पारा थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक शाखा पं0 जवाहर लाल नेहरू मेडीकल कालेज में ब्रांच मैनेजर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 08 जनवरी को आईटी हेड ने फोन के माध्यम से उसे जानकारी दी कि पंड़ित जवाहर लाल नेहरू मेडीकल कालेज के सामने जेल रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने की नियत से एटीएम के साथ तोडफोड किया गया है। जानकारी मिलने पर जवाहर लाल नेहरू मेडीकल कालेज के सामने जेल रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम पहुंचा तब एटीएम मशीन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था एवं एटीएम में रखे पैसो को चुराने का प्रयास किया गया था। परन्तु एटीएम का कैश लाकर नही तोड़ पाया है। उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम के अंदर लगे सिक्युरिटी सर्विलेंस सिस्टम को भी नुकसान पहुंचाया है व एटीएम के अंदर रूम में लगे एक नग राउटर कीमती 2500 रूपये को चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामल दर्ज कर जांच में जुटी है।

जिला प्रशासन के कांटेक्ट ट्रेसिंग सेल से हो रही है कोरोना मरीजों की पहचान

■ मरीज के संपर्क में आए व्यक्तियों को कोरोना जांच के लिए करते हैं प्रेरित

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कोरोना मरीजों और उनके संपर्क में आए व्यक्तियों की पहचान एवं कांटेक्ट ट्रेसिंग के लिए स्पेशल सेल सक्रिय है। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में इस नियंत्रण कक्ष में विभिन्न विभागों के कर्मचारी तीन पालियों में तैनात हैं, जो फोन से संपर्क कर न सिर्फ कोरोना मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हैं बल्कि उनके संपर्क में आए व्यक्तियों की पहचान कर सभी को कोरोना जांच के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।

इस कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी मुकेश कोठारी के

अनुसार हर मरीज तक पहुंच सुनिश्चित करने स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व विभाग के 50 कर्मचारी इस कार्य में लगाए गए हैं, जो निर्धारित प्रपत्र के अनुसार मरीजों की संपूर्ण जानकारी लेते हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही न्यू सर्किट हाउस परिसर में विगत 6 जनवरी से टीम आकार को विस्तृत कर इस स्पेशल सेल का संचालन किया जा रहा है। इस सेल के द्वारा लोगों को कोरोना संबंधी किसी भी सहायता के लिए जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम दूरभाष- 07712445785, 7880100331, 7880100332 के संबंध में भी अवगत कराया जाता है।

कोरोना मरीजों की हर संभव सहायता उपलब्ध कराने समन्वय के काम में भी यह टीम जुटी है। यहां नियुक्त कर्मचारियों द्वारा लोगों को प्रेरित किया जाता है कि संपर्क में आए हर व्यक्ति की जानकारी देकर कोरोना संक्रमण रोकने में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं। यह स्पेशल टीम पिछले लहर में भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी कर चुकी है।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कलेक्टर के साथ आयुर्वेदिक कॉलेज में तैयार अस्थायी कोविड अस्पताल का किया निरीक्षण

■ नवजात शिशुओं, बच्चों, वयस्कों सहित बुजुर्गों के लिए तैयार हुए यहां 250 बिस्तर

रायपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार के साथ आयुर्वेदिक कॉलेज में तैयार किए गए अस्थाई कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री प्रभात मलिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल, नगर निगम के अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी भी साथ थे। इस सर्व

सुविधा युक्त अस्थाई कोविड सेंटर में नवजात शिशुओं, बच्चों, वयस्कों व बुजुर्गों का कोरोना संबंधी उपचार हेतु उत्कृष्ट प्रबंध किए गए हैं। संसदीय सचिव उपाध्याय ने कहा कि संपूर्ण संसाधनों के साथ संचालित इस अस्पताल में मरीजों के उपचार की उचित व्यवस्था की गई है।

इस अस्थायी कोविड अस्पताल में 250 कोरोना मरीजों के उपचार की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है। यहां नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए पृथक से वार्ड तैयार किए गए है, जिन्हें बच्चों की पसंद के अनुरूप आकर्षक थीम व खेलकूद उपकरणों के साथ सजाया गया है। संसदीय सचिव उपाध्याय ने आयुर्वेदिक कॉलेज के निरीक्षण के उपरांत अटारी में तैयार किए जा रहे अस्थायी कोविड केयर सेंटर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान जोन कमिश्नर अरुण धुव, स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीष मैजरवार, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा सहित जोन का अमला भी उपस्थित रहा।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक बाइक सवार व्यक्ति के कब्जे से 80 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। शनिवार को पुलिस ने छठिया पचरी मुख्य मार्ग खरोरा में एक बाइक सवार व्यक्ति को घेराबंदी कर उसके कब्जे से 80 पौव्वा देसी शराब जब्त किया। पकड़े गए आरोपी का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सौरभ वर्मा पिता धनीराम वर्मा उम्र 21 साल ग्राम निलजा भाठापारा वार्ड नंबर 14 थाना खरोरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 80 पौव्वा देसी शराब अनुमानित कीमत 8800 रुपये व एक बाइक जब्त की है। इसी तरह श्मशान घाट मेन रोड खरोरा के पास शनिवार को एक बाइक सवार रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम उमेश कुर्रे पिता परमेश्वर कुर्रे ग्राम केशला वार्ड 14 थाना खरोरा का रहने वाला बताया उक्त व्यक्ति के पास बाइक में रखा सफेद के थैला के अंदर 49 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब कब्जे से एक सफेद रंग के थैला में 49 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई शीलबंद जुमला मात्रा 8 लीटर 820 मिली लीटर जिसकी अनुमानित किमत 5390 रूपये बरामद होने पर अवैध शराब व बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

संपादकीय

कोरोना काल में चुनाव बड़ी चुनौती

सत्ता का सेमीफाइनल कहे जाने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के तारिखों की चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश में 10 फरवरी से 7 मार्च तक सात चरणों में मतदान होगा। वहीं संवेदनशील कहे जाने वाले मणीपुर में 27 फरवरी व 3 मार्च को दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। पंजाब, गोवा और उत्तरखंड में 14 फरवरी को मतदान होगा और सभी चुनावी नतीजे 10 मार्च को घोषित होंगे। कोरोना की तीसरी लहर के कहर के बीच इन पांच राज्यों में चुनाव कराना निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग ने कोरोना के खतरे को मद्देनजर रखकर 15 जनवरी तक राजनीतिक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी के साथ ही उम्मीद्वारों के लिए ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी दी गई है और कोरोना को देखते हुए सिर्फ पांच लोगों को ही डोर टू डोर की अनुमति दी गई है। रात्री 8 बजे से सुबह 8 बजे तक कैंपेन, कर्फ्यू लागू किया गया है। इन तमाम एहतियाती कदमों के बावजूद कोरोना काल में चुनाव के दौरान कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा बरकरार है। हालांकि सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के थर्मल स्कैंनिंग की व्यवस्था की गई है और मास्क का भी इंतजाम किया गया है। इस तरह की ऐहतियाती कदमों का यदि सही ढंग से पालन होगा तो संक्रमण का खतरा कम होगा। इस मामले में चुनाव आयोग जो कर सकता था कर रहा है। लेकिन राजनीतिक दलों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे कोरोना काल में हो रहे चुनाव के दौरान सतर्कता बरते और अनावश्यक भीड़ ना बढ़ाए। वर्चुअल प्रचार के जरिए वे अपनी बात लोगों तक पहुंचा सकते हैं। डीजिटल और सोशल मीडिया प्लेट फार्म का उपयोग कर वे अपनी पार्टी की रीति और नीति से मतदाताओं को अवगत करा सकते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि कोरोना के कहर के बीच होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हो सकेंगे। यहां तक इन चुनाओं में मुख्य मुकाबले की बात है तो उत्तर प्रदेश में बहुगुनी संघर्ष है वहीं पंजाब बहुगुणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश, गोवा, मणीपुर और उत्तरखंड में अपनी सत्ता बरकरार रखने की चुनौती है वहीं कांग्रेस के सामने पंजाब में अपनी सलतनत कायम रखने की चुनौती है। पांच राज्यों में से चार राज्य भाजपा शासित है। वहीं पंजाब में कांग्रेस की दरकार है। कुल मिलाकर कोरोना काल में नए नियमों के तहत होने वाले इस चुनाव में चुनावी ऊंट किस करवट बैंठेगा यह दस मार्च को ही पता चलेगा। जब ईवीएम से चुनावी नतीजे निकलेंगे।

कोरोना का प्रसार और चुनावी रैलियां

डॉ. श्रीनाथ सहाय

एम्स और सफदरजंग समेत अन्य अस्पतालों में 400 से ज्यादा डॉक्टर और नर्सें आदि संक्रमित पाए गए हैं। अस्पतालों में दहशत फैल गई है। सभी स्तरों के स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। यदि संक्रमण इतना ही फैलता रहा, तो कल्पना कीजिए कि अस्पतालों में मरीजों का इलाज कौन करेगा? देश भर में संक्रमण के आंकड़े बुधवार देर रात तक एक ही दिन में 90 हजार को पार कर गए थे। फिर भी देश के राजनेता रैलियां सजवा कर कोरोना के प्रति संवेदनहीन हैं! प्रधानमंत्री यह पहल कर सकते हैं कि वह सर्वदलीय बैठक बुलाएं और चुनावी रैलियां रद्द करने का निर्णय लें। चुनाव आयोग को भी इस मामले में पहल करते हुए सभी दलों के साथ मिल-बैठकर चुनाव प्रचार का तरीका निकालना चाहिए। चुनाव तो आते-जाते रहेंगे, लेकिन देश के एक-एक व्यक्ति की जिंदगी चुनाव से ज्यादा कीमती और महत्वपूर्ण है।

देश में एक बार फिर कोरोना वायरस तेजी से अपना पैर पसार रहा है। दूसरी लहर के दौरान बंगाल विधानसभा चुनाव और यूपी में पंचायत चुनाव में जो कुछ हुआ उसका हश्र देश के सामने है और अब ओमिक्रॉन के बढ़ते मामले के बीच सवाल पांच राज्यों के चुनाव की सरगर्मी और रैलियों को लेकर उठने लगे हैं। क्या ये माहौल लाखों हजारों की भीड़ जुटाकर रैली करने की है और कैसे हो पाएंगे चुनाव... सवाल ये भी क्या देश तीसरी लहर को थामने के लिए तैयार है। कोरोना काल में कैसे हो चुनाव? इस बीच अच्छी खबर यह आई है कि भाजपा, कांग्रेस सहित कई दलों ने अपनी रैलियों को स्थगित कर दिया है। आगामी 9 जनवरी को प्रधानमंत्री की लखनऊ में रैली होने वाली थी, उसे भी स्थगित कर दिया गया है। लेकिन अभी तो चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, ऐसे में यह देखना अहम होगा कि आने वाले दिनों में राजनैतिक दल क्या कदम उठाते हैं।

उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में कांग्रेस ने बच्चियों की कथित मैराथन दौड़ का आयोजन किया था। कुछ बच्चियां गिर गईं, तो भगदड़ मच गई। करीब 20 बच्चियां चोटिल हुईं। शुक्र है कि हादसे ने बड़ा, त्रासद रूप धारण नहीं किया, लेकिन इस दौड़ की जरूरत क्या थी? एक तरफ कोरोना संक्रमण विस्फोटक होता जा रहा है, दूसरी ओर मासूम बच्चियों को लामबंद कर अपना 'लड़कीवाद' साबित करने की सनक.! अधिकतर बच्चियां मतदाता ही नहीं होंगी, लेकिन यह मौसम भीड़ जुटाने का जो है! आखिर कब तक आम आदमी की जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता रहेगा? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन-सैलाब में संक्रमण की 100 फीसदी संभावनाएं हैं। यदि जांच कराई जाए, तो आंकड़े सारी कहानी बयां कर देंगे। नेतागण लगातार कोरोना और खासकर ओमिक्रॉन की भयावहता को खारिज करते रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने एक अन्य मुख्यमंत्री केजरीवाल को ही 'कोरोना' करार दे दिया, लेकिन पंजाब में मात्र चार दिनों के अंतराल में ही कोरोना के 400 फीसदी विस्फोट को नहीं रोक पाए। उस पर बयान तक नहीं दिया। पटियाला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 100 से अधिक छात्र संक्रमित पाए गए हैं, लिहाजा होस्टल खाली करने के आदेश देने पड़े। होस्टल में करीब 1000 छात्र रहते आए हैं। न जाने कितने संक्रमित होंगे? उप्र में कोरोना के एक ही दिन में मामले 1000 को पार कर गए हैं। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में 32 स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर संक्रमित दर्ज किए गए हैं।

उत्तराखंड के हरिद्वार में नए साल का जश्न मनाने गए कई लोग संक्रमित हुए हैं। गोवा क्रूज पर 66 यात्री संक्रमित मिले हैं और गिनती अभी जारी है, क्योंकि वहां करीब 2000 लोग सवार थे। गोवा सरीखे छोटे से राज्य में संक्रमण-दर 27 फीसदी को पार कर चुकी है। यह भयावह हकीकत है। मणिपुर के इम्फाल में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में 'बिना मास्क की' भीड़ जमा की गई। प्रधानमंत्री के चेहरे पर भी मास्क गायब था। वह ढोल बजाने में मस्त दिखाई दिए।

सितंबर 2020 से भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामले धीरे-धीरे ही सही मगर कम होने लगे थे लेकिन फिर फरवरी 2021 से इनमें तेजी आनी शुरू हो गई। मार्च में संक्रमण इतनी तेजी से बढ़े कि पिछले साल के सारे रिकॉर्ड टूट गए। मार्च में एक तरफसंक्रमण के मामले रिकॉर्ड तेजी से बढ़ रहे थे और दूसरी तरफ भारत की राजनीतिक पार्टियां पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में होने वाले चुनावों को लेकर बड़ी-बड़ी रैलियां कर रही थीं। चुनावी रैलियों का सिलसिला मार्च के शुरुआत से ही जारी था क्योंकि मार्च के आखिरी हफ्ते से लेकर पूरे अप्रैल महीने में वोटिंग तय थी। चुनावी रैलियों में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी और लोगों के बीच फिजिकल डिस्टेंसिंग नाम की कोई चीज शायद बची नहीं। रैलियों में मास्क पहने लोग भी बहुत कम ही नजर आए।

आम लोग तो दूर, रैलियां कर रहे नेता और उम्मीदवार भी कोविड से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करते नजर नहीं आ रहे थे। भारतीय निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में चुनावी रैलियों के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन न होने के लेकर चेतावनी जारी की। चेतावनी के बावजूद नेताओं को सुरक्षा मानकों का पालन न करते देख आखिरकार निर्वाचन आयोग ने 22 अप्रैल से चुनावी रैलियों पर रोक लगा दी। पश्चिम बंगाल में मार्च के दूसरे हफ्ते से लेकर अब तक कोरोना संक्रमण के रोजाना मामलों में तेजी से बढ़त दर्ज की गई। अन्य चुनावी राज्यों जैसे असम, केरल और तमिलनाडु में भी मार्च के आखिरी और अप्रैल के शुरुआती हफ्तों में संक्रमण के मामलों में ऐसी ही तेजी देखी गई।

बहरहाल उप्र, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर ऐसे राज्य हैं, जहां 2022 की शुरुआती तिमाही में ही चुनाव होने हैं। कोरोना विस्फोट सामने है, लेकिन राजनेता उसे 'चुनावी हव्वा' करार दे रहे हैं। राजधानी दिल्ली में चुनाव नहीं हैं, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल इन राज्यों में लगातार प्रचार करते रहे हैं।

अब वह भी संक्रमित होकर पृथकवास में हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री और केंद्रीय कैबिनेट हैं। संसद और सर्वोच्च न्यायालय भी हैं। निर्वाचन आयोग भी है और देश के महामहिम राष्ट्रपति भी विराजमान हैं। उस राजधानी में 'सप्ताहांत कर्फ्यू' लगाना पड़ा है। एक ही दिन में 36 फीसदी मामले बढ़कर 5581 तक पहुंच चुके हैं। संक्रमण दर 9 फीसदी को छूने को है। यह 7 माह का सर्वोच्च स्तर है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाहर खुली हवा में होने वाले कार्यक्रमों में संक्रमण का ख़तरा अपेक्षाकृत कम ही रहता है। वारविक मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर लॉरेंस यंग कहते हैं, खुली हवा में कोरोना वायरस का असर जल्दी कम हो जाता है। हालांकि इसके बावजूद कई ऐसे कारण है चुनावी रैली जैसे कार्यक्रमों में संक्रमण की आशंका को बढ़ा सकते हैं। अगर लोग भीड़भाड़ वाली जगह में खुले में भी लंबे वक्त तक रहते हैं तो संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। प्रोफेसर यंग कहते हैं, अगर बाहर भी लोग बिना फिजिकल डिस्टेंसिंग के लंबे वक्त तक रहते हैं तो संक्रमण फैलेगा ही। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के प्रोफेसर जोनाथन रीड कहते हैं कि खुले में भी अगर लोग एक मीटर के दायरे में आमने-सामने खड़े होंगे तो इससे संक्रमण की आशंका कई गुना बढ़ जाएगी। वो कहते हैं चूंकि रैलियों में जोर-जोर से नारे लगते हैं ऐसे में लोगों के मुंह से संक्रमण फैलाने वाले ड्रॉपलेट्स के निकलने की आशंका भी बढ़ जाती है।

(लेखक राज्य मुख्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

विचार

हाय री "सर्वानुमति"

अक्सर हमारे देश के राजनीतिज्ञों एवं राजनैतिक पार्टियों पर परस्पर या अन्य पक्षों द्वारा यह आरोप जड़ दिया जाता है कि देश के मान, सम्मान, विकास, अखंडता व सुरक्षता के मामले में वे कभी भी एक होते हुये दिखते नहीं है। यद्यपि हमारी देश की संस्कृति का मूलभूत सूत्र व सिंद्धान्त ही ''अनेकता में एकता लिये हुये कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हमारा देश एक है'' रहा है। लेकिन इस सिंद्धान्त को मानते हुये और उक्त आरोप जो एक परसेप्शन है, को नकारते हुये इस देश के राजनीतिज्ञों में कुछ मुद्दों को लेकर जो अभूतपूर्व एकता दिखाई देती हैं, वह देश के हित में है? या विपरीत? इस पर भी कुछ आलोचक अपनी कलम तेढ़ी व भृक्टी (भंगिभाए) तिरछी करते हो तो करते रहे, ''अंधा क्या जाना बसंत की बहार''। खैर इसका जवाब फिर कभी खोजेगे, अभी तो बात सर्वानुमति की एकता को लेकर कर ले। आपको याद होगा, हाल ही में (23 दिसम्बर 2021 को) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोरोना के बढ़ते हुये संक्रमित मरीजों व चुनावी रैलियों में आ रही? अथवा लाई जा रही भीड़ को देखते हुये चिंता व्यक्त करते हुये कोरोना की संभावित तीसरी लहर से जनता को बचाने के लिये प्रधानमंत्री एवं चुनाव आयोग को रैलियों को रोकने व चुनाव टालने का सुझाव दिया था। न्यायालय ने कहा कि राजनैतिक दलों की रैलियों व सभाओं में लाखों लोगों को बुलाने के कारण कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना संभव नहीं है। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव का यह कथन महत्वपूर्ण है कि ''जान है तो जहान है''। (यद्यपि ये वाक्यांश पूर्व में कोविड-19 के पहले-दूसरे दौर में शासनारूढ राजनीतिज्ञों ने भी लॉकडाउन व प्रतिबंध लगाने के समर्थन में कहे थे) तथापि अभी तक चुनावों की घोषणा नहीं हुई है। संविधान के अनुसार उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में आगामी मार्च से मई महीने के बीच विधानसभा के चुनाव होने है, जो एक संवैधानिक अनुपालन है। यद्यपि अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार का सहारा लेते हुये उच्च न्यायालय के उक्त निर्देश पर प्रश्नवाचक चिन्ह अवश्य उठाये जा सकते है कि क्या यह न्यायालय के क्षेत्राधिकार में आता भी है अथवा नहीं! चूंकि यह एक अलहदा विषय है, जिस पर फिर कभी अलग से चर्चा की जायेगी। उच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्देश पर राजनैतिक दलों की जो प्रतिक्रियाएं आयी है, उससे प्राप्त निष्कर्ष उन लोगों के मुह पर कड़ा तमाचा है जो यह कहते थकते नहीं हैं कि इस देश में राजनैतिक पाटियां राष्ट्रहित के मुद्दों पर कभी भी एक नहीं हो पाती है।



राजीव खण्डेलवाल

मोबाइल व तकनीक ने सुलभ कर दिया आर्थिक लेनदेन

नरविजय यादव

अब आंकड़ों के लिए किसी सर्वेक्षण की जरूरत नहीं रही। डिजिटल माध्यमों से ही सारा डेटा फटाफट मिल जाता है, जिसकी मदद से सरकारों और बैंकों को आगे की रणनीति बनाने में बड़ी सहूलियत हो गयी है। देर से आंकड़े मिलने का मतलब होता है योजनाओं में फेरबदल करने या नुकसान होने से बचाने में विलम्ब। क्रेडिट कार्ड का प्रयोग भी बढ़ा है, लेकिन इसका समझदारी से उपयोग करना जरूरी है। यह एक तरह से फटाफट मिलने वाला लोन है, जिससे तत्काल खरीदारी की जा सकती है। इस पर 30 से 45 दिन तक ब्याज से छूट मिलती है, लेकिन कैश निकालने पर यह सुविधा नहीं है। इमर्जेंसी हो और क्रेडिट कार्ड के जरिए पैसा निकालना ही पड़े तो जल्द से जल्द उसे चुका देना चाहिए।

टैक्नोलॉजी ने पैसों के लेनदेन और प्रबंधन को किस कदर आसान कर दिया है। अब तो बिना नकदी, बिना इंटरनेट और बगैर मोबाइल के भी पेमेंट करने की व्यवस्था संभव होती दिख रही है। भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही एक ऐसी व्यवस्था करने जा रहा है, जिसके माध्यम से बिना इंटरनेट और बिना नकदी के भी 200 रुपये तक का भुगतान करना संभव होगा। इसके लिए नियम कायदे बनाने का काम चल रहा है। बैंक का कहना है कि इस तरह के लेनदेन सिर्फ आमने सामने ही किये जा सकेंगे। यानी पैसा देने वाले और लेने वाले की मौजूदगी में ही यह पेमेंट करना संभव हो पायेगा। इसे ऑफ्लाइन डिजिटल पेमेंट कहा जा सकता है।

इसके लिए न तो इंटरनेट की जरूरत होगी, और न ही मोबाइल फेन कनेक्टिविटी की। यह पेटीएम जैसी सुविधा से आगे का एक कदम होगा। भारत में 2014 तक एटीएम पर निर्भरता बहुत अधिक थी। कुछ भी खरीदना होता, तो एटीएम से कैश निकाल कर भुगतान करना पड़ता था। इंटरनेट की सुलभता की वजह से, धीरे-धीरे मोबाइल बैंकिंग का चलन बढ़ने लगा। नोटबंदी के बाद, 2017 से एटीएम का प्रयोग 10 प्रतिशत वार्षिक दर से घटता गया। कैश लेनदेन की जगह मोबाइल वॉलेट से भुगतान का चलन शुरू हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में लॉकडाउन के चलते मोबाइल बैंकिंग के ट्रेंड पे जोर पकडा और मार्च 2021 तक बैंक खातों से हुए कुल लेनदेन में मोबाइल बैंकिंग की हिस्सेदारी 65.8 प्रतिशत हो गयी। एटीएम का इस्तेमाल घट कर 15.9 प्रतिशत हो गया और 10.4 प्रतिशत के साथ मोबाइल वॉलेट तीसरे स्थान पर चला गया। एटीएम कार्ड स्वैप करके होने वाले भुगतान 8 प्रतिशत से भी कम हो गये। एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2020 में महामारी के दौरान इंस्टेंट पेमेंट की दर में 41 प्रतिशत वृद्धि हुई। देश में करीब 26 अरब रुपये की धनराशि का भुगतान रीयल टाइम पेमेंट विधियों से हुआ। अब आंकड़ों के लिए किसी सर्वेक्षण की जरूरत नहीं रही। डिजिटल माध्यमों से ही सारा डेटा फटाफट मिल जाता है, जिसकी मदद से सरकारों और बैंकों को आगे की रणनीति बनाने में बड़ी सहूलियत हो गयी है। देर से आंकड़े मिलने का मतलब होता है योजनाओं में फेरबदल करने या नुकसान होने से बचाने में विलम्ब।

क्रेडिट कार्ड का प्रयोग भी बढ़ा है, लेकिन इसका समझदारी से उपयोग करना जरूरी है। यह एक तरह से फटाफट मिलने वाला लोन है, जिससे तत्काल खरीदारी की जा सकती है। इस पर 30 से 45 दिन तक ब्याज से छूट मिलती है, लेकिन कैश निकालने पर यह सुविधा नहीं है। इमर्जेंसी हो और क्रेडिट कार्ड के जरिए पैसा निकालना ही पड़े तो जल्द से जल्द उसे चुका देना चाहिए।

याद रहे कि नगदी निकालने पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक अगले ही दिन से ब्याज काटना शुरू कर देता है। ब्याज भी छोटा-मोटा नहीं होता, यह 50 प्रतिशत सालाना होता है, वो भी चक्रवृद्धि यानी बढ़ता जाता है। इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। ऑनलाइन लेनदेन बढ़ने के साथ ही ऑनलाइन अथवा साइबर अपराधों में भी वृद्धि हो रही है। इससे बचने के लिए पुलिस ने कुछ उपाय एवं सावधानियां बतायीं हैं, जैसे कि किसी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। न ही इस तरह से प्राप्त हुए किसी क्यूआर कोड को स्कैन करना चाहिए। (नरविजय यादव वरिष्ठ पत्रकार व कॉलमिस्ट हैं।)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हे कान्हा...नजर नहीं आते फिर भी



हे कान्हा...नजर नहीं आते फिर भी इंतजार क्यों है , तुम्हीं बताओ तुमसे हमें इतना प्यार क्यों है। हे कान्हा...तुम्हारे ख्यालों में मैं हर पल घूमती हूँ ,तुम मुझमें खो जाते हो और मैं तुममें गुम रहती हूँ। हे कान्हा...ये कैसी चाहत है , ये कैसी लगन है, तेरे बिना हम तेरे ख्यालों में ही मगन हैं। हे कान्हा...सुनो-एक शब्द में कहूँ तो चाँद की रोशनी हो तुम, और रूह से कहूँ तो मेरी जिंदगी हो तुम। **श्री मंजू**

ना जाने होगा कब मिलना, तेरे मेरे



ना जाने होगा कब मिलना, तेरे मेरे मुकद्दर का। लिखा है फूल सा खिलना तेरे मेरे मुकद्दर का। तू चन्दन की लगे खुशबू, कभी तू जाफ़रानी है। खिलेगा कब भला गुलशन तेरे मेरे मुकद्दर का।। **सविता वर्मा गजल**

ख़ास पाती | मन रचता नहीं आजकल कोई



मन रचता नहीं आजकल कोई नई कविता, मन भीग जाना चाहता है, वो धो देना चाहता है अपनी उदासियाँ... वो थक गया है दूसरों की परवाह करते-करते, मन... लड़ता है रोज़ खुद से ही... इस अंतर्द्वंद में उलझा वो ठहर जाता है, बस उधेड़ता है कुछ ख्वाब... जो बस ख्वाब ही थे, मन को ख्वाबों के लिए नया स्वेटर तो बुनना है पर नये ऊन के रंग-रूप उसके अनुरूप नहीं है, मन को रंगना होगा नये रंग चुनने के लिए... मन को भीगना होगा नई कविताओं के लिए...। **शिल्पी अग्रवाल**

किसी तरह इस बार करना

किसी तरह इस बार करना है। एक दरिया को पार करना है।। मुझसे कितने लफ़्ज़ लेगा तू। तुझे कितना उधार करना है।। मेरे पलटने की राह मत देख। तुझे सीने पर वार करना है।। एक दीवानगी है दुश्मनों की। तुझे उसमे शुमार होना है।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

ये तेरा है वो मेरा है ये अच्छा है वो

ये तेरा है वो मेरा है ये अच्छा है वो बुरा है प्यार और नफ़रत दूरी और नज़दीकीयां गुरुर और द्वेष गरीबी और अमीरी सुंदरता और रंग रूप सब तो यहीं का यहीं रह जाता है फिर भी हम उम्र भर मापदंडों पर नापते तोलते रहते हैं कभी अपनों को कभी परायों को उलझे रहते है उस दुनिया के मोह में जो हमारी है ही नहीं पल का तो पता नहीं और वादे, दावे करते रहते हैं बड़े बड़े जिनका कोई मोल ही नहीं जीवन क्षणभंगुर है पता है फिर भी न जाने क्यों उलझे रहते हैं मोह, माया, नफ़रतों, चाहतों, खोना, पाना की भूलभुलैया में।। **मीनाक्षी सुकुमारन**

ज़िंदगी की राह में इक जंग ज़िंदगी



ज़िंदगी की राह में इक जंग ज़िंदगी, कभी फ़तह और कभी शिकस्त ज़िंदगी। ज़िंदगी, ज़िंदगी से सवाल करती है, कशमकश, दुश्वारियां, हकीकत ज़िंदगी? हर सवाल के जवाब में सवाल आता है, ज़िंदगी का उल्झनों से गहरा नाता है। रुकती कभी सांस ,कभी सांस लेती ज़िंदगी, सवाल बन राह में फिर खड़ी ये ज़िंदगी। राहों के हर मोड़ पर रुकती सी ज़िंदगी, उम्मींद और आस पर टिकती सी ज़िंदगी ।। **शिखा लाहिरी**

बरसों पहले पढ़े विलयन

बरसों पहले पढ़े विलयन के सिद्धांत को उस रोज समझा मैंने जिस रोज डूब कर तुम्हारे प्रेम में घोल दिया तुम्हारे भीतर अपना अस्तित्व विज्ञान भी समझ आया मुझ पगली को प्रेमशास्त्र पढने के बाद। **आशा पाण्डेय ओझा**

ढूँढे से भी ना मिले, अब मर्यादा राम



ढूँढे से भी ना मिले, अब मर्यादा राम। रावण इतने बढ़ गए , सीता भी गुमनाम ।। सीता भी गुमनाम, पता अब कौन बताये । नहीं रहे हनुमान, पार अब कौन लगाये।। नहीं मिटेंगे पाप, भले ही सिर को मूँडे। अब न भरत सा भ्रात , मिलेगा जग में ढूँढे ।। **नवीन गौतम**

प्रकृति विधान कर्म परिभाषा, विविध

प्रकृति विधान कर्म परिभाषा, विविध शब्द संयोजित भाषा विज्ञ तर्क दर्शन आधीना, शब्द प्रबोध शोध जल मीना समय हीन तरु भयहु अधीरा,जर्जर तरु विध्वंस समीरा काल कवल गति जानहिं जोही, हठयोगी मानस निर्मोही। **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) वित्तीय वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय आय-व्यय में कुल कितनी राजस्व प्राप्तियाँ अनुमानित किया गया है?
2) नासा का कौन-सा मार्स रोवर मंगल ग्रह पर 18 फरवरी, 2021 को सफलतापूर्वक उतर गया तथा वहाँ से लगातार चित्र प्रेषित कर रहा है?
3) किस रेलवे स्टेशन को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 'फाइव स्टार ईट राइट स्टेशन ' का प्रमाण-पत्र अगस्त-सितम्बर 2021 में प्रदान किया गया है? (वाराणसी / चण्डीगढ़)
4) सितम्बर 2021 में यूनेस्को ने किसे विश्व का प्रथम पाँच देशों का बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया है?
5) कौन पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट (पीडीएफ) तकनीक के विकासकर्त्ता हैं, जिनका अप्रैल 2021 में निधन हो गया?



उत्तरमाला-(1) 17,88,424 करोड़ रू. (2) पर्सीविरेंस (3) चण्डीगढ़ (4) मुरा-द्रवा-डेन्यूब (5) चार्ल्स गेश्के

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 10 जनवरी की घटनाएं इस प्रकार है:-

1692- कलकत्ता के संस्थापक जॉब कारनॉक का कलकत्ता में निधन।

1824- ब्रिटेन के रसायनशास्त्री जोज़फ ऐस्पीडियन ने सीमेंट बनाई।

1839- भारतीय चाय इंग्लैंड पहुँची।

1863- लंदन में पैडिंगटन और फ़ारिंगडन स्ट्रीट के बीच मेट्रोपॉलिटन रेलवे पर सेवा शुरू हुई।

1886- शिक्षाविद, अर्थशास्त्री एवं न्यायविद् जॉन मथाई का जन्म। 1927- साइंस फिक्शन फिल्म मेट्रोपोलिस जर्मनी में जारी की गई।

1946- लंदन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक हुई। 1954- ब्रिटेन का कॉमेट जेट भूमध्यसागर में दुर्घटनाग्रस्त ।

1963- भारत सरकार ने स्वर्ण नियंत्रण योजना की शुरुआत की।

1974- बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन का जन्म।

1975- नागपुर में प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन।

1996- इजरायल सरकार ने सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को मुक्त किया।

1997- अर्नोल्डो अलेमन ने निकारागुआ के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

2006- भारत के प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की।

दिशा पाटनी 'एक विलन रिटर्न्स' में नजर आएंगी

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी जितनी अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं उससे कहीं ज्यादा टाइगर श्रॉफ के साथ अफेयर, अपनी फिटनेस और ग्लैमरस तस्वीरों के लिए चर्चा में रहती हैं। दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी बेहद हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब उन्होंने एक बार फिर सोशल मीडिया पर बिकिनी में अपनी एक हॉट तस्वीर शेयर कर खलबली मचा दी है।

दिशा ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दिशा एक पिंक कलर की टू-पीस बिकिनी में नजर आ रही हैं। जैसे ही दिशा ने अपनी यह तस्वीर शेयर की तुरंत ही फायर इमोजी के साथ इस पर उनके कथित बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ का कॉमेंट आ गया। दिशा की इस तस्वीर पर फैन्स भी फायर इमोजी के साथ खूब कॉमेंट कर रहे हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है कि दिशा ने बिकिनी में अपनी तस्वीर शेयर की हो। दिशा अक्सर वकेशन पर बीच लोकेशंस पर नजर आती हैं और वहां से बिकिनी में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर जरूर शेयर करती हैं।

इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पिछली बार सलमान खान के साथ फिल्म 'राधे' में नजर आई थीं। अब दिशा 'एक विलन रिटर्न्स' में नजर आएंगी जिसमें उनके साथ जॉन अब्राहम, तारा सुतारिया और अर्जुन कपूर नजर आएंगे। इसके अलावा वह सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के साथ फिल्म 'योद्धा' में भी नजर आएंगी।

फिल्म लूप लपेटा में धुआधाड़ ऐक्शन करते नजर आएंगे ताहिर राज भसीन

बॉलीवुड के प्रतिभाशाली एवं चर्चित अभिनेता ताहिर राज भसीन की आगामी ऐक्शन फिल्म लूप लपेटा की रिलीज डेट तय कर दी गई हैं। यह फिल्म अगले महीने 04 फरवरी 2022 को ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी स्वयं ताहिर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करके दी। ताहिर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से फ़िल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा कि, सवि यही एक तरीका जिससे हमें पता चल सकता हैं कि प्यार की जीत समय की परीक्षा के अनुसार होती हैं। मेरा हाथ पकड़ो और इस मजेदार यात्रा पर चलने के लिए तैयार हो जाओ-सत्या। आप सभी के सामने फिल्म लूप लपेटा को लाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह फिल्म 4 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही हैं। इस फिल्म में ताहिर और तापसी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म को आकाश भाटिया द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म को प्रोड्यूस सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया द्वारा किया गया है।

आलिया भट्ट ने सात साल पहले ही साइन कर ली थी ब्रह्मास्त्र

निर्माता करण जौहर पिछले काफी समय से फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर सुर्खियों में है। आए दिन फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। हाल ही में करण ने बताया कि आलिया भट्ट ने सात साल पहले यह फिल्म साइन कर ली थी। वह तभी से इस प्रोजेक्ट की तैयारी में लगी हैं। आलिया और रणबीर कपूर ने फिल्म में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया है।

करण ने कहा, रणबीर ने ब्रह्मास्त्र को सात साल दिए हैं। आलिया ने भी बिना किसी सवाल और शिकायत किए सात साल मेरी इस फिल्म को दिए। सरकारें बदल गईं, लेकिन ब्रह्मास्त्र का काम जारी रहा। आलिया तो इस फिल्म के साथ ही बड़ी हुई हैं। उन्होंन कहा, जब आलिया ने यह फिल्म साइन की थी तो वह 21 साल की थीं। अब वह 28 साल की हैं और जब फिल्म रिलीज होगी तो वह 29 साल की होंगी।

करण ने आलिया को फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद भी वह 2 स्टेट्स, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, कपूर एंड सन्स, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, राजी और कलंक जैसी कई फिल्मों में करण के साथ काम कर चुकी हैं।

करण ने कहा, आलिया और रणबीर ने इस फिल्म में अपने किरदार के साथ इंसाफ करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की है। पिछले सात सालों में दोनों का समर्पण और जुनून देखने लायक था। उन्होंने कहा, कहने को आसान है कि निर्देशक अयान मुखर्जी पिछले सात साल से इस पर काम कर रहे हैं, लेकिन मैंने अपनी आंखों से इस फिल्म के लिए उन्हें खून, पसीना बहाते देखा है। अयान ने फिल्म के लिए अपना सब कुछ दिया है।

रणबीर और आलिया के साथ ब्रह्मास्त्र में अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाडिया, नागार्जुन और मौनी रॉय भी नजर आएंगी। फिल्म में अमिताभ का किरदार भगवान ब्रह्मा से और नागार्जुन का किरदार भगवान विष्णु से जुड़ा होगा।

ब्रह्मास्त्र का पहला पार्ट इस साल 9 सितंबर को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड और मलयालम में रिलीज होगा।

न्यूज गैलरी

ओसाका ऑस्ट्रेलिया ओपन वार्म अप टूर्नामेंट से हटीं

मेलबोर्न। पूर्व विश्व नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका ने पेट की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म अप टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म अप टूर्नामेंट मेलबोर्न समर सेट के सेमीफाइनल में वेरोनिका कुडरमेतोवा से भिड़ने वाली थी। ओसाका ने ट्वीट में लिखा, आज के अपने मैच से चोट के कारण पीछे हटना दुखद है। मेरे शरीर को ब्रेक के बाद एक के बाद एक तीव्र मैच खेलने से झटका लगा। पिछले हफ्ते आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आराम करने की कोशिश करूंगी और जल्द ही आपसे मिलूंगी। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियन ओपन की गत चैंपियन ओसाका ने पिछले साल सितंबर में फाइनल में कनाडा की लीला फर्नांडीज से यूएस ओपन के तीसरे दौर में हारने के बाद वापसी की थी।

रेलवे के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल आयोजनों में देश को किया गौरवान्वित

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के लिए वर्ष 2021 खेल उपलब्धियों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। कई खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय और वैश्विक खेल आयोजनों में भारत को गौरवान्वित किया। इनमें से अधिकतर उत्तर रेलवे के कर्मचारी हैं। रेल मंत्रालय ने अपनी 2021 की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि उत्तर रेलवे के 11 खिलाड़ी और कोच टोक्यो 2020 ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में शामिल थे। ओलंपिक में कुश्ती स्पर्धा में रवि कुमार दहिया ने रजत पदक और बजरंग पुनिया ने कांस्य पदक जीता, वहीं भारोत्तोलन में मीराबाई चानू को रजत पदक जिताने वाले कोच विजय शर्मा को रेलवे में ओएसडी के रूप में पदोन्नत भी किया गया।

श्रीलंका ने संन्यास ले रहे श्रीलंकाई खिलाड़ियों के लिए बनाये कड़े नियम

कोलम्बो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने संन्यास ले रहे खिलाड़ियों के लिए एक नियम बनाया है। इस नियम के अनुसार संन्यास लेने का इरादा बना रहे खिलाड़ियों को तीन महीने पहले ही बोर्ड को सूचित करना होगा। इसके अलावा संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों को छह महीने बाद ही किसी विदेशी लीग में फ़्रेंचाइज़ी क्रिकेट खेलने की अनुमति (एनओसी) मिल सकेगी।

सेंसेक्स की टॉप-10 में से 8 कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,50,005.88 करोड़ रुपये की जोरदार बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,490.83 अंक या 2.55 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस और विप्रो के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,380.16 करोड़ रुपये बढ़कर 16,47,762.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 43,648.81 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,25,928.82 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 41,273.78 करोड़ रुपये बढ़कर 4,62,395.52 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक की 39,129.34 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 8,59,293.61 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 36,887.38 करोड़ रुपये के लाभ के साथ 5,50,860.60 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 27,532.42 करोड़ रुपये बढ़कर 4,38,466.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 13,333.93 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,67,778.73 करोड़ रुपये और एचडीएफ सी का मूल्यांकन 1,820.06 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 4,70,300.72 करोड़ रुपये रहा।

इस रुख के उलट इन्फ ोसिस की बाजार हैसियत 32,172.98 करोड़ रुपये के नुकसान से 7,62,541.62 करोड़ रुपये रह गई। विप्रो की हैसियत भी 2,192.52 करोड़ रुपये घटकर 3,89,828.86 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफ सी बैंक, इन्फ ोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और विप्रो का स्थान रहा।

पेट्रोल और डीजल के दाम में 66वें दिन भी बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 66वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में स्थिरता रही। केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क क्रमशः पांच और दस रुपये घटाये जाने की घोषणा चार नवंबर को किये जाने के बाद कीमतों में काफी कमी आयी थी। इसके बाद राज्य सरकार के वैट कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में दो दिसंबर को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था।

घरेलू बाजार में 66वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

एनआईएमएफ ने निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड एफओएफ लॉन्च किया

मुंबई। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड (एनआईएमएफ) की एसेट मैनेजर निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएएम इंडिया) ने फिजिकल सिल्वर और सिल्वर रिलेटेड इंस्ट्रूमेंट्स तथा निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफफंड ऑफफंड (एफओएफ) में निवेश करते हुए निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफको लॉन्च करने की घोषणा की है, जो निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफकी यूनिट्स में निवेश करेगा। दोनों योजनाओं का यह एनएफओ 13 जनवरी 2022 को खुलेगा और 27 जनवरी 2022 को बंद होगा।

निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफके लिए एनएफओ के दौरान आवश्यक न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में है; जबकि निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड (एफओएफ) के लिए एनएफओ के दौरान आवश्यक न्यूनतम निवेश राशि 100 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में है।

निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफफंड (एफओएफ) के जरिए निवेशक कोई डीमैट खाता न होते हुए भी निवेश कर सकते हैं और सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) वाला विकल्प भी चुन सकते हैं। इस लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के ईटीएफ प्रमुख हेमेन भाटिया ने कहा, ÷गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड एफओएफ का अग्रदूत होने के नाते हम निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफऔर निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड (एफओएफ) को लॉन्च करने के साथ कमोडिटी स्पेस के भीतर निवेशकों को एक अतिरिक्त बिल्डिंग ब्लॉक की पेशकश करके खुश हैं।

जीएसटी फर्जीवाड़े में दो व्यवसायी गिरफ्तार

मुंबई। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के अधिकारियों ने फर्जी इन्पुट टैक्स क्रेडिट(आईटीसी) का दावा करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो व्यवसायियों को गिरफ्तार किया है।

सीजीएसटी के मुताबिक इस कार्रवाई में ऐसे सबूत हाथ लगे हैं जिससे पता चलता है कि नेटवर्क ने 385 करोड़ रुपये के फर्जी बिल और पर्चियां जारी कर 70 करोड़ रुपये के आईटीसी का दावा किया है। गिरफ्तार व्यवसायियों को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सरकारी गोल्ड बॉन्ड योजना में नया निर्गम मूल्य 4,786 रुपये/ग्राम

नई दिल्ली। सरकारी स्वर्ण बांड योजना 2021-22 के अंतर्गत जनवरी में निर्गमित किए जा रहे बांड के लिए निर्गम मूल्य 4,786 रुपये प्रति ग्राम होगा और आन लाइन आवेदन करने वालों को इसमें 50 रुपये की छूट मिलेगी। इनके लिए आवेदन 10-14 जरवरी तक किए जा सकेंगे और निपटान 18 जनवरी को होगा।

वित्त मंत्रालय के अनुसार सरकार की दिनांक 21 अक्टूबर, 2021 की अधिसूचना संख्या 4(5)-बी (डब्लू एंड एम) /2021 के अनुसार, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2021-22 (सीरीज नौ) 10-14 जनवरी 2022 की अवधि के दौरान सब्सक्रिप्शन (खरीदने को आवेदन) के लिए खोले जाएंगे। निपटान तारीख 18 जनवरी 2022 होगी। आवेदन की अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य 4,786 (चार हजार सात सौ छियासी रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि आरबीआई की ओर से 7 जनवरी 2022 की प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रकाशित किया गया है।

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से ऑनलाइन आवेदन करने वाले निवेशकों को निर्गम मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का निर्णय लिया है। ऐसे निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का निर्गम मूल्य 4,736 रुपये प्रति ग्राम सोना होगा।

अमेरिकियों को आसानी से मिलेगा भारत का आम, अनार

नई दिल्ली। अमेरिकी बाजार में भारत से आम और अनार के आयात की सुगमता के लिए दोनों देशों के बीच एक करार हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी बाजार के लिए भारत से आम और अनार का निर्यात जनवरी-फरवरी 2022 से आरंभ होगा तथा अनार के दानों का निर्यात अप्रैल 2022 से शुरू होगा। अमेरिका से अल्फाल्फा हे तथा चेरी का निर्यात अप्रैल 2022 से आरंभ होगा। मंत्रालय ने कहा है कि भारत-अमेरिका टीपीएफ की 23 नवंबर, 2021 को आयोजित 12वीं बैठक के अनुसरण में, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा अमेरिकी कृषि विभाग ने कृषि बाजार पहुंच मुद्दों अर्थात भारतीय आम एवं अनार के लिए निरीक्षण/निगरानी हस्तांतरण तथा भारत से अनार के दानों के लिए बाजार पहुंच और अमेरिकी चेरी तथा अमेरिकी कृषि उत्पाद अल्फाल्फा हे (सूखी घास) के लिए बाजार पहुंच को क्रियान्वित करने के लिए एक व्यवस्था संबंधि समझौते पर हस्ताक्षर किए।

खेल

भारतीय जोड़ी ने 7-6, 6-1 से दी शिकस्त, उधर सानिया की जोड़ी को मिली करारी हार

बोपन्ना-रामानाथन की जोड़ी ने जीता टूर्नामेंट, शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराया

एडिलेड। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामानाथन की जोड़ी ने एडिलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। उन्होंने पुरुष डबल्स के फ इनल मुकाबले में क्रोएशिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त इवान डोडिग और मार्सेलो मेलो की जोड़ी को सेंटर कोर्ट में 7-6, 6-1 से हरा दिया।

पहले सेट में कड़ी टक्कर देखने को मिली

पहले सेट में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। एक वक्त मैच 6-6 की बराबरी पर था, लेकिन बोपन्ना और रामानाथन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सेट 7-6 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे सेट में दोनों ने

अपने फॉर्म को जारी रखा और एकतरफा अंदाज में 6-1 से जीत लिया।

41 वर्षीय बोपन्ना और क्रोएशिया के डोडिग कई बार एक साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं।

बोपन्ना-रामानाथन के लिए टूर्नामेंट शानदार रहा

एटीपी दौरे पर पहली बार जोड़ी बनाने वाले बोपन्ना और रामानाथन के लिए यह टूर्नामेंट अब तक शानदार रहा है। दोनों ने नथानिएल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफदूसरे दौर के मैच को छोड़कर टूर्नामेंट में अब सीधे सेटों में जीत दर्ज की है। नथानिएल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो के खिलाफमैच उन्हें सुपर टाई-ब्रेकर तक जाना पड़ा था।

सानिया-किचेनोक की जोड़ी हारी

एडिलेड इंटरनेशनल में भारत की सानिया मिर्जा को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। सानिया और यूक्रेन की नादिया किचेनोक की जोड़ी को ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी और स्टोर्म सैंडर्स की जोड़ी ने तीन सेटों तक चले मुकाबले में हरा दिया था। सानिया और नादिया की जोड़ी को 6-1, 2-6, 10-8 से हार मिली थी।

हाल ही में पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन में दोनों तीसरे दौर में बाहर हो गए थे। इससे पहले बोपन्ना और रामानाथन की गैरवरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त बोस्निया के टोमिस्लाव ब्रिकिक और मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेज की जोड़ी को 6-2, 6-4 से हराया था।

पकड़ा गया जोकोविच का 'झूठ'

मेलबर्न। साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में नोवाक जोकोविच से जुड़ा मामला तूल पकड़ चुका है। दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी का वीजा मेलबर्न पहुंचते ही रद्द कर दिया गया था। उन पर कोरोना की वैक्सीन नहीं लगवाने का आरोप है, जबकि ऑस्ट्रेलिया में इसको लेकर सख्त कानून हैं। फिलहाल जोकोविच मेलबर्न में आव्रजन अधिकारियों की हिरासत में हैं। सोमवार को कोर्ट में जोकोविच के मामले पर फैसला होगा कि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलेंगे या अपने देश सर्बिया वापस लौट जाएंगे।

जोकोविच ने नहीं लगवाई कोरोना की वैक्सीन

जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में आने से पहले वैक्सीन लगवाने से इनकार कर दिया था। वे मेडिकल सर्टिफिकेट के द्वारा टूर्नामेंट में एंट्री करना चाहते थे। आयोजनकर्ताओं ने तो हामी भर दी, लेकिन वहां की सरकार नहीं मानी। सरकार ने कहा कि जोकोविच को कोरोना की वैक्सीन नहीं लगवाने का वैध कारण बताना होगा। इसके बाद जोकोविच के वकील ने बताया कि 16 दिसंबर को सर्बियाई खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव आया था। इस वजह से वह अभी वैक्सीन लगवाने में असमर्थ हैं।

जोकोविच के वकील के इस बयान से वह खुद परेशानियों में घिरते दिख रहे हैं। दरअसल, 16 दिसंबर को कोरोना संक्रमित होने के बाद जोकोविच बेलग्रेड में युवा टेनिस खिलाड़ियों के एक इवेंट में बिना मास्क के दिखाई पड़े थे।

हॉयर सेकण्डरी स्कूल अमसेना में 283 छात्रों को लगा टीका

खरोरा। गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमसेना में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कोरोना महामारी कोविड-19 तीसरी लहर से बचने 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी 283 बच्चों को टीका लगाया गया जिसमें प्रथम दिन 30 छात्र एवं 60 छात्राएं थी तथा दूसरे दिन 70 छात्र एवं 123 छात्राएं स्कूली बच्चों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के दौरान छात्र-छात्राओं में बड़ी उत्साह देखा गया। यह टीकाकरण मालेश्वरी शुक्ला एएनएम के निर्देशन व संस्था के प्रभारी प्राचार्य नरसिंह बंजारे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तथा बच्चों को करोना से बचने मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, बार-बार हाथ को साबुन से धोने तथा सैनिटाइजर आदि का इस्तेमाल करने की समझाइश दी गई।

सामाजिक भवन निर्माण के लिए संसदीय सचिव ने सीएम को लिखा पत्र

महासमुंद। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर गांवों में विभिन्न समाजों के लिए सामाजिक भवन निर्माण की ओर ध्यानाकर्षित कराया है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों द्वारा

सामाजिक भवन निर्माण की मांग की जा रही है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ध्यानाकर्षित कराया है। जिसमें ग्राम रायतुम में साहू समाज भवन के लिए पांच लाख रूपए, रूमेकेल में आदिवासी समाज भवन निर्माण के लिए दस लाख रूपए, ग्राम कोना में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दस लाख रूपए, ग्राम बेमचा में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दस लाख रूपए, ग्राम पीढ़ी में निषाद समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम खैरझिटी में सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम बकमा में यादव समाज के भवन निर्माण के लिए तीन लाख रूपए, सिरपुर में आदिवासी समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, चौकबेड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम छिलपावन में आदिवासी पैकरा समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम अचानकपुर के कमारेडरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम मचेवा में सेन समाज के भवन निर्माण के लिए चार लाख रूपए, ग्राम अमोरी में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम बोरियाझर में आदिवासी समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम अछरीडीह में सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम जोबा में आदिवासी समाज के भवन निर्माण के लिए तीन लाख रूपए, ग्राम बरबसपुर में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम बड़गांव में निषाद समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए, ग्राम जलकी में अघरिया समाज के भवन निर्माण के लिए तीन लाख रूपए, ग्राम बिरकोनी में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दस लाख रूपए, ग्राम कौंवाझर में सतनामी समाज के भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए व ग्राम मालीडीह में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपए की राशि स्वीकृत करने की मांग शामिल हैं।

बोरिया में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बेमेतरा। आदिम जाति कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा विकासखण्ड बेरला के ग्राम बोरिया में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनांतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत ग्रामवासियों को निःशुल्क कोरोना जांच, बीपी, शुगर तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बेमेतरा मेनका चन्द्राकर द्वारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोरिया हेतु स्कूल के प्राचार्यो को संयुक्त रूप से पल्स आक्सीमीटर एवं इंफ्रारेड थर्मामीटर किट प्रदाय किया गया, जिससे कोरोना संक्रमण की स्थिति में स्कूल में बच्चों के शरीर का तापमान एवं ऑक्सीजन लेवल की जाँच की जा सकें तथा मितानीनों को ग्लूकोमीटर मशीन, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप एवं ब्लड प्रेशर मानीटरिंग मशीन संयुक्त रूप से प्रदाय किया गया। उसी प्रकार प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम मुड़पार के सरपंच देवनारायण सोनवानी एवं स्कूल शिक्षक अनिल टण्डन को एसपीओ 2 मशीन, बीपी मानीटर मशीन, ग्लूकोमीटर, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप एवं इंफ्रारेड थर्मामीटर स्कूल एवं ग्रामवासियों के लिए प्रदाय किया गया। शिविर के दौरान स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासियों को ओआरएस पैकेट, मास्क एवं ग्लूकोज का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम बोरिया सरपंच द्वारिका प्रसाद पाल, देवनारायण सोनी सरपंच मुड़पार, गिरवर दास गायकवाड सचिव, चन्द्र कुमार साहू सहायक शिक्षक, रीता वर्मा मितानीन, सीडी बघेल अधीक्षक प्री.मै.अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बेरला आदि उपस्थित थे।

निधन- भवर दास नारंगका

खरोरा। भरुवाडीह निवासी मिडिल स्कूल प्रधान पाठक भवर दास नारंग का आकस्मिक सतलोक गमन दिनांक 02जनवरी को दिन रविवार को किये। वे डॉक्टर कांति नारंग, मोहन दास नारंग, मुकेश नारंग के पिता व हुमन, मुन्ना व भागवत नारंग के अग्रज थे।

कृषि मंत्री चौबे ने किया 15 करोड़ के कार्यो का शिलान्यास

- **नहरों की री माडलिंग व लाइनिंग कार्य का भूमिपूजन**

साजा(नवप्रदेश)। साजा ब्लाक के ग्राम पंचायत चेचानमेटा में जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहरों के रीमाडलिंग एवं लाइनिंग कार्य के भूमिपूजन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ मंत्री व विधायक साजा रविन्द्र चौबे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा कोविड -19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर जलसंसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शिल्पट्ट का शिलान्यास किया गया। जिसके अंतर्गत स्वीकृत कार्य में विकासखंड साजा के ग्राम घोटवानी जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर के लाइनिंग कार्य स्वीकृत

राशि 161.81 लाख, ग्राम जन्नाथपुर जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर के लाइनिंग कार्य स्वीकृत राशि 162.31 लाख, ग्राम कुरलू जलाशय के जीर्णोद्धार, नहरों के रिमाडलिंग एवं लाइनिंग कार्य राशि 120.50 लाख, ग्राम जामगांव जलाशय के जीर्णोद्धार, नहरों के रीमाड़लिंग एवं लाइनिंग कार्य स्वीकृत राशि 217.72 लाख, ग्राम चारभाठा जलाशय के जीर्णोद्धार, नहरों के रीमाडलींग व लाइनिंग कार्य स्वीकृत राशि 223.75 लाख, ग्राम चेचानमेटा व्यपर्तन शीर्ष कार्य, नहर की लाईनिग व रीमाड लिंग स्वीकृत राशि 186.51 लाख, ग्राम गोडमर्रा भटगांव स्टॉपडेम काम रपटा निमार्ण कार्य स्वीकृत राशि 171.54 लाख, ग्राम परसबोड जलाशय के जीर्णोद्धार, नहरों के रीमाड़लिग व लाईनीग कार्य स्वीकृत राशि 169.95 लाख, ग्राम सहसपुर जलाशय के जीर्णोद्धार, रीमाड़ लिंग व लाइनिग कार्य स्वीकृत राशि 100.21 लाख रुपए, इस प्रकार से सभी स्वीकृति कार्यो की 1514.3 लाख की भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि अब किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी, उनको समय में फसल के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा।

फिर बिना टीडीएस कटौती किए कर दिया दो करोड़ का भुगतान

राजनांदगांव। राजीव गांधी शिक्षा मिशन में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के प्रकरण में तत्कालिक डीएमसी भूपेश साहू को निलंबित कर दिया गया। जांच अधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम को जांच प्रतिवेदन दिनांक 15.09.2020 को प्रस्तुत कर यह जानकारी दिया जा चुका था कि राजीव गांधी शिक्षा मिशन में बिना टीडीएस कटौती किए ही भुगतान किया जा रहा है, जो वित्तीय अनियमितता है, इसके बावजूद दिनांक 24.08.2021 और 12.11.2021 को बिना टीडीएस कटौती किए दो करोड़ की राशि का भुगतान कर दिया गया।

डीएमएफमद से राजीव शिक्षा मिशन राजनांदगांव के द्वारा 65

शालाओं में स्मार्ट क्लास स्थापना हेतु गुरूदेव इन्टरप्राईजेस, भिलाई से दो करोड़ की कम्प्युटर की खरीदी किया गया था। सरकारी एजेंसी के द्वारा खरीदी करने पर दो प्रतिशत टीडीएस कटौती कर संबंधित कंपनी, फर्म को भुगतान करने का प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफ र पॉल ने बताया कि सूचना का अधिकार से प्राप्त दस्तावेज को अवलोकन करने से ऐसा प्रतित हो रहा है कि राजीव गांधी शिक्षा मिशन के द्वारा पुनः बिना टीडीएस कटौती किए गुरूदेव इंटरप्राईजेस, भिलाई को दो करोड़ की राशि का भुगतान कर दिया गया जो टैक्स की चोरी प्रतित हो रहा है। इसकी शिकायत आयकर विभाग, भिलाई से की गई है।

शिक्षा विभाग के द्वारा विगत दो वर्षो में लगभग 16 करोड़ की सामग्री खरीदी गई है, लेकिन संबंधित कंपनी, फ र्म को बिना टीडीएस कटौती किए भुगतान कर दिया गया जिसकी शिकायत आयकर विभाग, रायपुर और राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर से की गई है, क्योंकि बिना टीडीएस कटौती किए भुगतान करना वित्तीय अनियमितता है।

कलेक्टर ने अफसरों से कहा अवैध धान पकड़ाने पर सीधे एफआईआर कराएं

- **असामयिक बारिश से धान की सुरक्षा और अभियान चलाकर धान के उठाव करने के दिए निर्देश**
- **प्रशासन द्वारा सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए की गई समुचित व्यवस्था**

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी व्यवस्था, बारिश से सुरक्षा और धान के उठाव में तेजी लाने अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद जिले में सुचारू रूप से धान खरीदी हो रही है। धान विक्रय के लिए सभी धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था की गई है। जिससे किसान आसानी से अपना धान विक्रय कर रहे हैं। लगभग सभी छोटे किसानों ने अपने धान का विक्रय कर लिया है। शेष दिनों में बचे हुए सभी किसानों का धान क्रय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ लाख किसानों ने 60 लाख क्विंटल धान का विक्रय कर लिया गया है। वहीं धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था लगातार जारी रहना चाहिए। अब तक लगभग सभी छोटे किसानों द्वारा धान का विक्रय किया जा चुका है। जिन किसानों ने अपने पूरे धान का विक्रय कर लिया है, उनका अभियान चलाकर रकबा समर्पण कराएं। धान खरीदी के शेष दिनों में कोचियों, बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। धान खरीदी केन्द्र में अवैध धान नहीं आना चाहिए। अवैध धान पकड़ाए जाने पर एफ आईआर की कार्रवाई करें। सीमावर्ती क्षेत्रों के चेक पोस्ट में कड़ाई से जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध हैं। इन्हीं बारदाने से ही धान की खरीदी की जाए। किसानों द्वारा लिए गए बारदानों की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

महापौर के वार्ड में बनेगा सामुदायिक भवन

राजनांदगांव। शहर विकास की कड़ी में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर हेमा सुदेश देशमुख के वार्ड चिखली वार्ड क्रमांक 5 में शीतला मंदिर के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रूपये की लागत से 2 सामुदायिक भवन निर्माण कराने महापौर द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे व अमीन हुड्डा, पार्षद कमलेश बंधे, अरविन्द वर्मा, पूर्णिमा नागदेवे, पिंकी साहू, शरद पटेल, नामांकित पार्षद एजाजूल रहमान, मामराज अग्रवाल, व प्रभात गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति, सचिन टुरहाटे विशेष रूप से उपस्थित थे।

घटिया निर्माण को लेकर मंत्री से होगी शिकायत

देवभोग (नवप्रदेश)। सिंचाई विभाग ठेकेदार द्वारा बनाई गई लाखों के गुणवत्ताहीन वॉल पुलिया निर्माण को लेकर अब सीधे सिंचाई मंत्री रविंद्र चौबे से शिकायत करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी ने नहर कार्य एवं निर्माण स्ट्रक्चर का निरीक्षण कर इंजीनियर एवं विभागीय अफसरों पर नाराजगी जाहिर किया। क्योंकि भूपेश सरकार किसानों की सुविधा के कार्यों में बिल्कुल भी समझौता नहीं करती। ऐसे में गुणवत्ताहीन कार्य पर संरक्षण देने वाले इंजीनियर के खिलाफ कार्यवाही होना अति आवश्यक माना जाता है। ताकि आगामी नहर कार्य एवं स्ट्रक्चर निर्माण गुणवत्ता पूर्वक कराया जाए । उल्लेखनीय हो कि करलागुड़ा इलाके में करीब 4 किलोमीटर तक नहर कार्य कराया जा रहा है। इसी तर्ज पर जामगांव नाला के समीप भी लगभग नहर कार्य के साथ स्ट्रक्चर साल भर पहले खड़ा कर दिया है। जिसकी पोल अभी खुल रही है । नहर के बीच बनाए गए पुलिया का एक हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। जिसकी खबर सिंचाई विभाग के अफसरों को भी है। लेकिन दोबारा रिपेयरिंग कराने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जिससे

खफा कांग्रेसी सिंचाई मंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र के माध्यम से शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि कार्य के अनुसार निर्माण कार्य की बिना जांच पड़ताल के ठेकेदार को राशि जारी कर दिया गया है। शायद यही वजह है कि ठेकेदार टूटे स्ट्रक्चर को बनाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जबकि गुणवत्ता हिन मटेरियल से निर्माण स्ट्रक्चर को लेकर जिला कार्यपालन अभियंता भी भलीभांति अवगत हो हैं । फिर भी कार्यवाही तो दूर की बात है कार्य में सुधार तक नहीं हो पाया है। यही वजह है कि किसानों के साथ साथ कांग्रेसियों को गुणवत्ता की कमान संभालनी पड़ रही है। ताकि क्षेत्र में प्रगतिरत नहर और निर्माण कार्य में सुधार लाया जा सके इस बीच भूपेंद्र माझी ने कहा कि किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के लिए कांग्रेस की भूपेश सरकार करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। तो दूसरी ओर ठेकेदार सिंचाई विभाग अफसरों के साथ सांठगांठ कर गुणवत्ताहीन कार्य करते लाखों रुपए कमा रहे हैं। जिसका खामियाजा अंतिम में किसानों को उठाना पड़ेगा । जब साल डेढ़ साल बाद मापदंड विपरीत नहर से पानी नहीं मिलता ।और टूटी स्ट्रक्चर के चलते किसानों के खेतों में पानी का जमावट होने की संभावना बन जाता है। इसलिए इसकी शिकायत मंत्री से कर जांच एवं कार्यवाही की मांग किया जाएगा ।

भन्सुली की छात्राओं ने कहा स्कूल आना रोज जंग लड़ने जैसा है प्रज्ञा दीदी

- **मीठे पानी के लिए 4 किलोमीटर दूर जाते हैं गांव के युवा - भगवती साहू**
- **भन्सुली में 399 छात्र छात्राओं को कोविड वैक्सिनेशन - प्रज्ञा निर्वाणी**

बेमेतरा। 15 से 18 साल के युवाओं को कोविड वैक्सिनेशन के दौरान ग्राम पंचायत भन्सुली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में टीकाकरण के पहले दिन पहुँच कर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी छात्राओ से मिल उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें वैक्सिनेशन के लिए प्रेरित किया, उनका हाल जाना। प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव ने बताया कि 399 छात्र छात्राओं का वैक्सिनेशन के पहले डोज़ का टारगेट हैं। वैक्सिनेशन टीम के ओमकार चंद्राकर, श्याम सुंदर लहरे, ओमप्रकाश मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशी मिश्रा, सरस्वती साहू, सहायिका अनूपा साहू के अलावा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के वालेंटियर रोहित पाठक, गुलशन साहू, जितेंद्र बंजारे, ओमकार साहू, व्याख्याता खेलन प्रसाद बघेल, रमेश मरकाम, रश्मि सोनी ने भी वैक्सिनेशन के दौरान उपस्थित छात्र व छात्राओं को आवश्यक मदद करते रहें। स्कूल के प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी से शिक्षकों की कमी का हवाला देते हुए कहा कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, जीव विज्ञान, सहायक ग्रेड 3, सहायक ग्रेड 2 और चपरासी की आवश्यकता हैं। शीघ्र ही शिक्षकों की कमी दूर किया जाये, लंबे समय से ब्लाक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में शिक्षकों की कमी से अवगत कराया गया है, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

लाल आतंक की कायराना...

नक्सली हैं। पिछले कई सालों से संगठन में जुड़कर काम कर रहे थे। इन दोनों के खिलाफ भी बीजापुर जिले के थानों में नामजद अपराध दर्ज हैं।

पुलिस के सामने घुटने टेकने जा रहा था : बीजापुर जिले में नक्सलियों ने कुछ दिन पहले अपने ही साथी की हत्या की है। रविवार को गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी किया है। प्रेस नोट के माध्यम से नक्सलियों ने कहा कि उन्होंने अपने साथी नक्सली कमांडर कमलू पुनेम को मौत की सजा दी है। वो गद्दार था। बहन के साथ भागकर पुलिस के सामने घुटने टेकने जा रहा था। जिसे जनता ने पकड़ा और जन अदालत में लाकर खड़ा कर दिया। जिसे मौत की सजा दे दी गई।

प्रदेश में आज कई जिलों ...

उत्तर पूर्व राजस्थान के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा स्थित है। यहीं से एक द्रोणीका पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, होते हुए मराठवाड़ा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। आज 10 जनवरी को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग बिलासपुर संभाग, दुर्ग संभाग के उत्तरी भाग और रायपुर संभाग के उत्तरी भाग में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि भी संभावित है। अधिकतम तापमान में सार्थक गिरावट होने की भी संभावना है।

मंत्री, पूर्व विधायक और ...

कोरोना संक्रमण की रफ़्तार में काफी इजाफा हुआ है। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, उससे कम्युनिटी स्प्रेड का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदेश का पाजिटिविटी दर में प्रतिदिन उछाल नजर आ रहा है। चार फीसदी से अधिक पाजिटिविटी दर वाले जिलों में सरकार ने नाइट कर्फ्यू भी लगा दिया है। लेकिन अभी तक संक्रमण का खतरा बरकरार है।

यूपी में हिन्दुत्व, उत्तराखंड ...

का कहना है कि निषाद समाज का यूपी की लगभग 100 सीटों पर 10 हज़ार से 70 हज़ार तक वोट हैं. अनुप्रिया पटेल पहले से ही बीजेपी के साथ हैं वो भी ग़ैरयादव ओबीसी कुर्मी जाति कि बड़ी नेता हैं.

कमंडल से उसका मतलब हिंदुत्व की राजनीति है जिसमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को और काशी विश्वनाथ धाम का विकास शामिल है. इसी एजेंडे चुनाव प्रचार के दौरान मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि कहना, बीजेपी इसी एजेंडे में कानून व्यवस्था और माफिया के खिलाफ कार्रवाई से जोड़ कर देखती है. इसके साथ बीजेपी की रणनीति में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों तथा किसानों को पहुंचना गरीब कल्याण के एजेंडे में फिट बैठती है.

मणिपुर में बीरेन...

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अगुवाई में ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

उत्तराखंड में मोदी ...

से खेमा बदल कर बीजेपी में शामिल होने वाले ज़्यादातर नेता घर वापसी नहीं कर रहे और ये ही बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के लिए लिए संतोष की बात है. बीजेपी का मानना है कि कांग्रेस ने हरीश रावत को मुख्यमंत्री उम्मीदवार पेश नहीं किया है जिसका फ़ायदा बीजेपी को मिलेगा और साथ बीजेपी भी ऐसा मानती है. बीजेपी मानती है कि इस बार चुनाव में आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने से बीजेपी विरोधी वोटों का बंटवारा कर होगा और इसका फ़ायदा भी बीजेपी को मिलेगा.

दिल्ली पुलिस ने ...

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह जनवरी 2020 में ट्विटर हैंडल ञ्चद्दद्वठ्ठद्दद्गह्यष्द्धश्चठ्ठ का उपयोग करके ट्विटर पर ट्रेड महासभा के नाम से एक समूह में शामिल हुआ था। कई समूह चर्चाओं के दौरान सभी सदस्यों ने एक धर्म विशेष की महिलाओं को ट्रोल करने पर चर्चा की थी। उसने तद्बह्लद्धह्वढ्ढ पर कोड/ऐप विकसित किया था। इसके बाद इस ऐप को लेकर हुए हंगामे के बाद सभी ने अपने सभी सोशल मीडिया फुटप्रिंट्स को डिलीट कर दिया था।

आरोपी ओंकारेश्वर ठाकुर न्यूयॉर्क सिटी टाउनशिप, इंदौर का रहने वाला है। उसने इंदौर के एक बड़े संस्थान से बीसीए किया हुआ है। जुलाई 2021 में दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है सुल्ली डील्स ऐप पर बिना अनुमति के मुस्लिम महिलाओं की फोटो अपलोड की गई थीं।

इससे पहले पिछले साल इससे मिलते-जुलते नाम वाला बुली बाई नाम का ऐप भी विवादों में घिर गया था। इसे भी गिटहब पर ही बनाया गया था। इस ऐप पर भी मुस्लिम महिलाओं की फोटो उनके सोशल मीडिया अकाउंट से उठाकर अपलोड कर दी गई थीं। बुली बाई ऐप भी काफी हद तक सुल्ली डील्स की तरह ही है। फिलहाल बुली बाई ऐप बनाने वाले नीरज बिश्नोई को भी दिल्ली पुलिस ने 6 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, वर्मा एग्जोटीका, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा*
डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन नंबर : 9165929029

नए जिले में सरिया-बरमकेला को शामिल करने के विरोध में बंद रहा बरमकेला

बरमकेला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से अलग कर सारंगढ़ और बलौदाबाजार-भाटापारा से बिलाईगढ़ को नव प्रस्तावित सारंगढ़-बिलाईगढ़ में रायगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक को शामिल करने के विरोध में रविवार को नगर पंचायत बरमकेला व नगर पंचायत सरिया पूर्णतः बंद रहा।

इसके समर्थन में दिन भर सभी छोटी बड़ी दुकानें बंद रही। ऐसे में लोगों को रोजमर्रा की चीजों के लिए भटकना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं की खूब किरकिरी हुई। दरअसल, बंद का आव्हान जिला संघर्ष समिति ने किया था जिसे एक दो कांग्रेसी नेताओं के दुकानों को छोड़कर लगभग सभी व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया। बंद के दौरान सारंगढ़ के कुछ कांग्रेसी नेता बरमकेला व सरिया नगर पहुंचे और माइक लगाकर घोषणा की कि बंद के लिए किसी को दबाव नहीं है। चाहे तो दुकान खोल सकते हैं। बावजूद किसी ने दुकान नहीं खोला। ऐसे में सिर खुजाते कांग्रेसी दोनों जगहों से उल्टे पांव लौट गए।

बता दें कि इस क्षेत्र को नये जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ में शामिल करने को लेकर पिछले एक पखवाड़े से जिला संघर्ष समिति बरमकेला के द्वारा धरना प्रदर्शन जनपद पंचायत बरमकेला के सामने किया जा रहा है। लेकिन अब तक प्रशासन ने बरमकेला ब्लॉक के 224 गांवों के लोगों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया है। ऐसे में रविवार को जिला संघर्ष समिति के आव्हान पर सरिया व बरमकेला बंद रखने का निर्णय लिया गया।

इसकी सूचना एक दिन पहले ही दे गई थी। बरमकेला में 5-6 दुकानों को छोड़कर सभी प्रतिष्ठानें बंद रहे। बताया जा रहा है कि जो दुकानें खुलीं थी वह कांग्रेस नेताओं व कांग्रेसी समर्थकों की थी। हालांकि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के समर्थकों का एक तबका दुकानों को खोलवाने का भर्सक प्रयास में लगे रहे। यहां तक कि उनका साथ देने सारंगढ़ से कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार भी पहुंचे थे परंतु कोई खास सफलता नहीं मिली।

असमंजस में दिखे कुछेक व्यापारी

बरमकेला में व्यापारी संगठन से जुड़े एक पदाधिकारी को अपनी दुकान को समर्थन व विरोध में एक बार खोलना पड़ा फिर तुरंत बंद रखा। ऐसी स्थिति एक दो दुकानदारों भी दिखी। इस दौरान विरोधी व समर्थकों के मध्य बहस बाजी भी हुई। यही नहीं नये जिले में जाने को आतुर गिनती के कार्यकर्ताओं ने सुबह 11 बजे के आसपास माईक लगाकर दुकानों को खोलने की अपील की जा रही थी। जबकि जिला संघर्ष समिति में जुड़े पार्टी विशेष के लोगों की सक्रियता से दुकानें बंद रहे, लेकिन उन्हीं के पार्टी के छपास रोगी कार्यकर्ता नदारद थे जो कि चर्चा का विषय बना रहा। बरमकेला में बंद कराने के लिए हेमसागर नायक, महेश नायक, रामकुमार पटेल, कमल चौहान, परमानन्द चौहान, राजू नायक, रामकृष्ण नायक, जगन्नाथ पाणिग्राही, चूड़ामणी पटेल, संजू चौधरी व अन्य पहुंचे थे।

सोशल मीडिया पर खूब किरकिरी हुई

बरमकेला को सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जाने का समर्थन करते हुए एक कांग्रेसी सोशल मीडिया में निशाने पर रहा। उसके द्वारा विपक्षी पार्टी के लोगों को टिप्पणी करने पर सोशल मीडिया में उसी के पार्टी के पदाधिकारी करारा जवाब देते दिखे। इसी मौके पर विपक्षी भी कोसने में पीछे नहीं थे। दरअसल, छुटभैये कांग्रेसी नेता द्वारा 224 गांवों के लोगों की मांग को विपक्षी भाजपा की मांग बता कर लोगों को बरगालने का काम शुरू से कर रहा है, लेकिन इस छुटभैये नेता की इतनी हैसियत नहीं है कि 10 से 20 कार्यकर्ता भी एकत्रित कर सकें। इसलिए सोशल मीडिया में उल जूलुल बातें लिखकर लोगों की निशाने पर रहता है।

होम आइसोलेशन का नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई, लगेगा जुर्माना

कोरबा/नवप्रदेश। पिछले तीन-चार दिनों में जिले में अचानक बढ़े कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों की अब प्रशासन की टीम द्वारा आकस्मिक जांच की जायेगी। होम आइसोलेशन के निर्धारित नियमों, कंटेनमेंट प्रोटोकॉल का पालन जैसे विषयों पर प्रशासन की टीम मौके पर जाकर तकसीद करेगी।

नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई तथा जुर्माना किया जायेगा। जिले में बढ़ते कोरोना मरीजों को देखते हुए कलेक्टर रानू साहू ने आज वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा डाक्टरों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में उन्होंने कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए होम आइसोलेशन के नियमों को सख्ती से पालन कराने और आमजनों से कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराने पर विशेष जोर दिया। श्रीमती साहू ने इसके साथ ही गंभीर कोविड मरीजों के ईलाज के लिए सीपेट और ईएसआईसी कोविड अस्पतालों में सभी तैयारियां और इंतजाम अगले दो दिनों में पूरे करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

अफसरों को दिए नियमों का पालन कराने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों और उनके परिजनों का कंटेनमेंट जोन से बाहर निकलना पूरी तरह सख्ती से प्रतिबंधित किया जाये। होम आइसोलेशन में रहने वाले कोविड मरीज या उनके परिजनों के घरों से बाहर निकलने या आइसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने के भी निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। कंटेनमेंट जोन में लोगों की जरूरत का सामान राशन, दूध, सब्जी आदि की नगरीय निकायों द्वारा घर पहुंच सेवा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुनिश्चित की जायें।

गरीबों को मुफ्त मिलेगा ऑक्सी व थर्मामीटर

कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि गरीब परिवारों के होम आइसोलेशन में रहने वाले कोविड पाजिटिव व्यक्ति को पल्स आक्सीमीटर और थर्मामीटर भी उपलब्ध कराया जाये। कलेक्टर ने जोनवार-वार्डवार दल बनाकर होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों को जरूरी दवाईयों का वितरण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शहर में बेवजह सड़कों और दुकानों के सामने भीड़ लगाने, मास्क नहीं लगाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने वाले लोगों पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

टीम भावना से करेंगे काम

कलेक्टर ने तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए टीम भावना से काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय और समझ-बूझ से ही काम करके हम सब मिलकर कोरोना को हरा सकते हैं। उन्होंने कोविड से संक्रमित हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य तथा परिजनों के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखकर होम आइसोलेशन और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को नियंत्रित करने खुद सुरक्षित रहते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को जनहित में काम करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

120 की दवा मिली 55 रुपए में, 54 प्रतिशत तक की छूट पर लोगों को मिल रही दवाइयां'

कोरिया/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लोगों की मदद के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजना धन्वंतरि जेनरिक मेडिकल स्टोर में कम एवं वाजिब दाम पर दवाइयां मिलने से लोगों को आर्थिक मदद मिली है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह योजना उपयोगी साबित हो रही है। नगर निगम चिरमिरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकट संचालित धन्वंतरि मेडिकल स्टोर में अब तक 87 हजार 370 रुपये की एमआरपी की दवाईयां 48 से 54 प्रतिशत की छूट के बाद 39 हजार 772 रुपए में बिक्री हुई है। जिससे 838 हितग्राहियों की कुल 47 हजार 599 रुपए की बचत हुई है। मेडिकल स्टोर पर पहुंचे एक युवा ने बताया कि स्टोर पर 120 रुपये एमआरपी की दवा 55 रूपए में मिली। मेडिकल स्टोर में लोगो को दवाईयों में एमआरपी पर 54 प्रतिशत तक की सामान्य छूट दी जा रही है। रियायती दर पर दवा मिलने से

पैसों की बचत हो रही है। मेडिकल स्टोर में कम दाम में गुणवत्तायुक्त दवाइयां मिलने से लोग बड़ी संख्या में जेनरिक स्टोर पहुचकर योजना का लाभ ले रहे है। मेडिकल दुकानों में सर्दी, खासी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी आम बीमारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की 251 दवाएं, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आइटम भी उपलब्ध है। राज्य शासन द्वारा शुरू की गई जनहितैषी धन्वंतरि जेनरिक मेडिकल योजना के तहत लोगों को रियायती दर पर सस्ती दवाइयों के रूप में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो रही है। आमलोगों की सुविधा के लिए जिले में भी मेडिकल स्टोर्स का संचालन किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 04 मेडिकल दुकानें संचालित है जिनमें नगर पालिका निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा एवं नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ हैं, वहीं 03 दुकानें नगर पंचायत झगराखण्ड, नगर पंचायत नई लेदरी, नगर पंचायत खोंगापानी में प्रस्तावित हैं। संचालित दुकानों में माह दिसम्बर 2021 में 70 हजार 393 रुपये की एमआरपी की दवाइयां छूट के बाद 31 हजार 412 रुपये में बिक्री की गई जिसपर धन्वंतरि मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदने वाले 523 हितग्राहियों की कुल 38 हजार 980 रुपए की बचत हुई है।

चार दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

रामानुजगंज/नवप्रदेश। मातृभूमि विकास परिषद के द्वारा राज्य जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर रामानुजगंज के सहयोग व मार्गदर्शन में चार दिवसीय आवासीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित आमंत्रण धर्मशाला में प्रारंभ किया गया। जिसमें 20 पंचायतों के सरपंच एवं सचिव सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी व पीएचई के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए विद्युत श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द से संबंधित अनेक विषयों पर प्रकाश डाला। इसमें मुख्य रूप से गांव में पीने के पानी हेतु टंकियों का निर्माण एवं घर-घर नल द्वारा जलापूर्ति के विषय में बताया संस्था के कोऑर्डिनेटर मोहनी सिंह ने कहा कि गांव में पेयजल स्वच्छता समिति के निर्माण एवं उसके अकाउंट के विषय में जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में हेमंत एवं प्रभा शंकर शुक्ला अनेक विषयों पर प्रकाश डाला।

सिविक एक्शन कार्यक्रम में 600 ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चलाये जा रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम में थाना मद्देड क्षेत्रअंतर्गत ग्राम पंचायत कोत्तापल्ली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों को आवश्यक जरूरी सामग्री साड़ी, लूंगी, कंबल, बच्चों को कपड़ा, लड़कियों को शूट, वृद्धजनों को कंबल, घरेलू महिलाओं को बर्तन का सेट, पानी की टंकी, स्कूली छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन-पेंसिल, ज्योमेट्री बाक्स, कम्पास बाक्स, कलर पेंसिल, कैरम, युवाओं को क्रिकेट किट, व्हालीबाल एवं व्हालीबाल नेट का वितरण किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग में शामिल समस्त ग्रामीणों हेतु भोज की व्यवस्था रखी गई। जिसमें महिला पुरूष, बच्चे, बूढ़े को भोजन कराया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम का समापन शांति पूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातवरण में समपन्न हुआ। ग्रामीणों में काफी उत्साह था। कोरोना संक्रमण को देखते हुये कार्यक्रम में उपिस्थित समस्त ग्रामीण युवा, बच्चें, महिला पुरूष को मास्क का वितरण किया गया था। सामुदायिक पुलिसिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला, द्वितीय कमान अधिकारी केरिपु 170 बटालियन मदन मोहन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भोपालपटनम भावेश समरथ, उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार एवं केरिपु बल 170वीं वाहिनी व जिला बल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

तीन ग्रामीणों की हत्या, गंगालूर एरिया कमेटी हत्या करना कबूल किया

बीजापुर/नवप्रदेश। तीन ग्रामीणों की हत्या पर माओवादियों के गंगालूर एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि 3 ग्रामीणों की नहीं बल्कि एक ही माओवादी की हत्या करने का बात कही। नक्सलियों ने कहा तीन की नहीं सिर्फ पुसनार मिलिशिया कमांडर पूनेम कमलु की जनअदालत में हत्या की गई है। पुनेम कमलु पर 2018 से पुलिस के लिए काम करने और गांव की महिला के साथ अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया। वहीं तीन ग्रामीणों की हत्या की खबर को पुलिस पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया।

नियमित रूप से मिलेगी घर पहुंच राशन की सुविधा, कलेक्टर ने दिए निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के पूर्व 11 बजे से जनदर्शन आयोजित होता है। जनदर्शन में आमजनों की समस्याएं सुन उसका निराकरण किया जा रहा है। विकासखण्ड वाड्रफनगर के पण्डरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पहाड़डीह की महिलाओं ने जनदर्शन में आवेदन कर घर पहुंच राशन सुविधा पुनः प्रारम्भ करने का आग्रह किया। कलेक्टर कुंदन कुमार ने एसडीएम और सीईओ से घर पहुंच राशन की सुविधा बाधित होने के कारणों की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने तत्काल घर पहुंच राशन सुविधा पुनः प्रारम्भ करने को कहा। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल अमल हुआ है और पहाड़डीह के ग्रामीणों को घर पहुंच राशन की सुविधा मिलने लगी है। राशन मिलने पर पहाड्डीह की महिलाओं ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया है।

कलेक्टर ने बताया कि भौगोलिक रूप से दुर्गम क्षेत्र होने के कारण पहाड़डीह गांव के पण्डो सहित अन्य जनजातीय परिवारों को राशन लेने के लिए 3 किमी. पहाड़ी रास्ता तय करना पड़ता था, वहीं पक्की सड़क से राशन दुकान लगभग 10 किमी. दूर है। इसलिए घर पहुंच राशन सुविधा दी जा रही थी, महिलाओं के आवेदन पर इसे अब आगे भी जारी रखा जाएगा। कलेक्टर के पहल पर प्रशासन वनांचलों में रहने वाले तथा विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के अनेक मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के तात्कालिक और दीर्घकालिक व्यवस्था हेतु प्रयासरत् है। प्रशासन ने एक ओर जहां स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता के लिए अपने प्रयासों को विस्तार दिया है, वहीं प्रशासन ने इन दुर्गम इलाकों में राशन पहुंचाने के लिए विशेष पहल की है। विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत पंडरी के आश्रित ग्राम पहाड़डीह के 82 पण्डो राशन कार्डधारियों सहित ग्रामीणो की समस्याओं को देखते हुए घर पहुंच राशन की सुविधा को जारी रखा जायेगा।

जमाखोरों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने बिठाई जांच, टीम गठित

» खाने का तेल तयदाम से 50 अधिक, 125 का गुटखा 200

लॉकडाउन की अफवाह से कालाबाजारी शुरू, गुटखा, गुड़ाखू के दाम बढ़े

खबर का असर

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ते क्रम में पहुंच रहा है। अब कोरोना संक्रमण के बाद लाकडाउन की कोरी अफवाह के बाद शहर सहित ग्रामीण इलाकों में खाने पीने के दाम में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है। लाकडाउन की अफवाह के बाद खाने पीने के सामानों सहित गुड़ाखु, गुटखा के तयदाम से अधिक बेचने की शिकायत की खबर नवप्रदेश ने रविवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद कलेक्टर चन्दन कुमार ने जांच के आदेश देकर जमाखोरी करने वालों के लिए टीम गठित कर दी गई है। कलेक्टर ने व्यापारियों से अपील की है कि लाकडाउन जैसी स्थिति अभी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए। राज्य सरकार जमाखोरों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश देकर बार-बार ऐसे समय मे मानवता का परिचय देकर तयदाम से अधिक नही बेचने के निर्देश जारी करती है। लेकिन इन जमाखोरों को मानवता के बदले तयदाम से अधिक बेचकर मुनाफा कमाकर मानवता को शर्मसार करते दिखाई देते हैं। कोरोना संक्रमण के समय बहुतायत जमाखोरो पर प्रशासन नकेल कसकर जुर्माना से दंडित कर चुकी है। लेकिन हर साल जमाखोरों पर कार्यवाही के बावजूद जमाखोरों की मोटी चमड़ी पर कोई फर्क नहीं देखा जा रहा है।

इनके दाम बढ़ाए

शहर के भीतर संचालित छोटे छोटे किराना दुकान संचालकों के अनुसार राइसब्रान तेल के डीलरों द्वारा प्रति लीटर तेल की तयकीमत से 40 से 50 रुपए तक अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। डीलरों द्वारा रिटेलरों को तेल के तयदाम से अधिक मिलने पर दुकान में बढ़े दाम पर बेचने मजबूर हो रहे। गुड़ाखू का एक पूड़ा 180 का आ रहा था। गुड़ाखू की लम्बी उछाल से अब वह 400 रुपए पार हो चुका है। राजश्री गुटखा 130 से 250 रुपए तक बेची जा रही है।

व्यापारियों की बैठक बुलाई जायगी

आपके माध्यम से हमें जानकारी मिली है। व्यापारियों की जल्द बैठक बुलाई जायगी। इस प्रकार आपदा को अवसर में बदलने वाले जमाखोरों के खिलाफ जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। तयदाम से अधिक बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

चंदन कुमार, कलेक्टर

पहाड़ की निचली बस्ती में आ रहे थे जंगली जानवर

कांकेर/नवप्रदेश। ठंड का मौसम है। राजापारा वार्ड पहाड़ की हसीन वादियों के निचे बसा वार्ड है। ठिठुरन भरी ठंड में पहाड़ से जंगली भालू तेंदुआ सहित अन्य जंगली जानवर भोजन पानी की तलाश में पहाड़ से उतरकर सीधे राजापारा की ओर आते है जिसके चलते पहाड़ के नीचे बसे लोगों में रात को डर का माहौल रहता था। पहाड़ के नीचे व आसपास बड़े बड़े पेड़ पौधे होने से जंगली जानवरों का डर बना रहता था। वार्डवासियों की जान की सुरक्षा की जिम्मेदारी को देखते राजापारा में पार्षद आनंद चौरसिया के अथक प्रयासों से नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव ने रविवार को जेसीबी लगाकर कटीले झाड़ियों पेड़ो की सफाई कराकर स्वच्छ व सुंदर सहित भयमुक्त किया गया।

कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं महिलाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी एवं सामुदायिक संवर्गों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने में अहम भूमिका निभायी जा रही है। मुख्य रूप से मास्क की अनिवार्यता, सामाजिक दूरी का पालन, हाथों की सफाई, टीकाकरण के साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढाने के उपायों के बारे में बताया जा रहा है। कोविड-19 के प्रसार के कारणों जैसे बाहरी व्यक्तियों का गाँव में प्रवेश करना ,सर्दी-खांसी के लक्षण पर ध्यान नहीं देना, गाँव के स्तर पर खुद से इलाज कराना, सामूहिक गतिविधियों का आयोजन करना, होम आइसोलेशन के नियमों को न मानना,

संक्रमित सदस्य के परिवार वालों का बाहर घूमना आदि के दुष्परिणामों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बिहान के सदस्य बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश की निगरानी, सर्दी-खांसी जैसे लक्षण होने पर टेस्ट कराने का सलाह देना, संक्रमित सदस्य के परिवार वालो को भी सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करना, गांव में जागरूकता के लिए दीवार लेखन, टीकाकरण के लिए आमजनों को प्रोत्साहित एवं सहयोग कर रहे है। किसी को छूना भी नहीं है परन्तु किसी का साथ छोड़ना भी नही है इस सन्देश के साथ महिलाएं कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जुटी हुई हैं।

डॉक्टर स्व. कृष्णा कावरे को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर विधायक विक्रम मंडावी ने स्व. डॉक्टर कृष्णा कावरे (न्यूरोलॉजिस्ट) के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि डॉक्टर कृष्णा कावरे जिले के छोटे से गांव निकल कर न्यूरोलॉजिस्ट जैसे पद हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया था। वर्तमान में वे भोपाल में अपनी सेवा दे रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र को काफी क्षति पहुंचा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष लालू राठौर व कांग्रेसी उपस्थित रहे।

युवाओं ने अपनी रूचि और प्रतिभा के बल पर खोला संभावनाओं का नया आकाश : सीएम

छत्तीसगढ़ में विगत तीन वर्षों में रोजगार के अवसरों में हुई बढ़ोत्तरी



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से रविवार प्रसारित रेडियो वार्ता लोकवाणी की 25वीं कड़ी में 'युवा सपने और छत्तीसगढ़' विषय पर प्रदेशवासियों से चर्चा की। उन्होंने बातचीत की शुरूआत करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को नववर्ष की बधाई दी और कहा कि राज्य में विगत तीन वर्षों में जनभागीदारी और विकास का जो ताना-बाना बना है, उससे यह विश्वास जागा है कि नए वर्ष में सफलताओं और जन सशक्तिकरण के नए रंग भरे जाएंगे। हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी अब 21 वर्ष पूर्ण कर चुका, एक युवा राज्य है। 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस है, जिसे हम युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। सीएम बघेल ने कहा कि नया वर्ष, युवा सपने, युवा दिवस और नवा छत्तीसगढ़ के बीच एक अंतर्संबंध है। स्वामी विवेकानंद जी का रायपुर से अटूट नाता है। उसे चिरस्थायी बनाने के लिए हमने उनके जन्मदिन 12 जनवरी को 'युवा महोत्सव' का आयोजन करने की शुरुआत सन् 2020 में की थी। स्वामी जी ने कहा था कि अगर जात-पात, धर्म-सम्प्रदाय के नाम पर हिंसा न होती तो आज का मानव समाज बहुत उन्नत होता। उस जमाने में भी स्वामी जी दुनिया में घूम-घूम कर कहते थे कि मैं यहां किसी एक धर्म का प्रचार करने नहीं आया बल्कि ऐसे दर्शन का प्रचार कर रहा हूं, जो दुनिया के सभी धर्मों में निहित है। उन्होंने कहा था कि मैं किसी धर्म का विरोधी नहीं हूं, हर धर्म के लोगों को तेजस्वी बनाने का प्रयास कर रहा हूं। आज जो स्वामी जी को आध्यात्मिक संत बताकर उनके योगदान को छोटा करना चाहते हैं उन्हें बताना चाहता हूं कि स्वामी जी विरक्ति की बात नहीं करते थे बल्कि क्रान्ति की बात करते थे। कुरीतियों से लड़ने और समाधान की बात करते थे।

युवाओं के लिए उठाए नए कदम

छत्तीसगढ़ के युवाओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन पिछले दिनों किया है। यहां युवा प्रतिभाओं को संवारने, उन्हें अवसर देने और आगे बढ़ाने की दिशा में बहुत से नए कदम उठाए गए है, मेरा मानना है कि आज के जमाने में युवाओं का कॅरियर केवल सरकारी नौकरी से ही नहीं बनता, बल्कि हमारे युवा साथियों ने अपनी रुचि और प्रतिभा के बल पर संभावनाओं का नया आकाश खोल दिया है। आपमें जो संभावनाएं दिखाई पड़ी हैं, उन्हें साकार करने की दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

4 लाख 65 हजार को नौकरी

छत्तीसगढ़ में विगत तीन वर्षों में रोजगार के अवसरों में बहुत बढ़ोतरी हुई है तथा निश्चित तौर पर इसका लाभ युवाओं को भी मिला है। मुझे खुशी है कि पिछले तीन वर्षों में सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों में सीधी भर्ती के अलावा अन्य माध्यमों से भी भर्ती की गई है, जिसके कारण 4 लाख 65 हजार से अधिक लोगों को सरकारी और अर्द्धसरकारी कार्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला है, इसके अलावा 30 हजार नौकरियां नए उद्योगों में मिली हैं। प्रदेश में निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर नौकरियों का सृजन हुआ है। हमने ग्रामीण अंचलों में युवाओं को निर्माण कार्यों से जोड़ने के लिए ई-श्रेणी पंजीयन कराया था, जिसके अंतर्गत 3 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है, जिन्हें बिना टेंडर के निर्माण कार्य का ठेका दिया जा रहा है। अभी तक लगभग एक हजार पंजीकृत युवाओं को सड़क, भवन आदि निर्माण कार्य आवंटित किए जा चुके हैं।

स्कूलों से सिलेंडर व चूल्हा गायब लकड़ी व कंडे से बनाया जा रहा खाना

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूलों में लकड़ी व कंडे जलाकर मध्याह्न भोजन पकाया जा रहा है। कई स्कूलों से सिलेंण्डर व चूल्हा गायब है। ऐसे में शासन द्वारा मध्याह्न भोजन के आबंटित गैस चूल्हा व सिलेण्डर अनुपयोगी हो गए। दस साल पहले प्राइमरी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए एवं धुआं रहित ईंधन के लिए गैस सिलेंडर दिया गया था। लेकिन जब तक गैस भरा रहा, तब तक इसी से खाना बना। उसके बाद फंड नहीं आने से किसी ने रिफिलिंग कराने ध्यान नहीं दिया। आज सिलेंडर व चूल्हा कबाड़ में पड़े हैं। अगर शासन ने इस नए योजना पर ध्यान नहीं दिया तो इसका भी स्कूल की तरह हश्र हो सकता है। 70 फीसदी केंद्रों में सिलेंडर दिया जा चुका है। सिलेंडर व गैस चूल्हा को केंद्र में रखने प्लेटफार्म भी नहीं बना है। कई केंद्र में फर्श पर रखकर खाना बना रहें हैं। स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत गैस सिलेंण्डर उपलब्ध कराया गया है। बावजूद इसके स्कूलों में लकड़ी व कंडे जलाकर मध्याह्न भोजन पकाया जा रहा है। जबकि कई स्कूलों से सिलेंण्डर व चूल्हा गायब है। ऐसे में शासन द्वारा स्कूलों में मध्याह्न भोजन के आबंटित गैस चूल्हा व सिलेण्डर अनुपयोगी हो गए। एक ओर शासन धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना के तहत घर-घर चूल्हा बांट रहा है मगर स्कूलों में अब भी पुराने ढर्रे से भोजन बन रहा है।

> अधिकांश स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। जहां गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाता है। वहां विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के हिसाब से इंधन के लिए राशि दी जाती है।
>
> **प्रतिभा मंडलोई,** बीईओ मुंगेली

कई स्कूलों को नहीं मिला सिलेंडर व चूल्हा

जिले में कई स्कूलों को गैस चूल्हा व सिलेंडर नहीं मिला है तो वहीं कुछ समूहों में बिना गैस कार्ड के ही सिलेण्डर व चूल्हा का वितरण कर दिया गया है। ऐसे में गैस चूल्हा उपयोग करने के लिए ज्यादा पैसे खर्च कर सिलेंडर खरीदना पड़ता है। समूहों द्वारा ज्यादा पैसे खर्च करने के बजाय लकड़ियों के सहारे खाना बनाया जा रहा है। ऐसे में चूल्हे के सहारे भोजन पकाने को मजबूर है। विभाग द्वारा रसोईयों को पारिश्रमिक दिया जाता है। लेकिन वह भी नियमित रूप से नहीं मिलता। इस तरह ज्यादातर स्कूलों में लकड़ी और कंडे से ही भोजन बनाया जाता है। लोरमी, पथरिया, मुंगेली ब्लाक के कई ग्राम पंचायतों में मध्यान्ह भोजन चूल्हे से ही बनता है।

पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने मध्यान्ह भोजन

बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मध्याह्न भोजन योजना संचालित की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को रोजाना मेनू में निर्धारित मात्रा अनुसार भोजन दिया जाना है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा मध्याह्न भोजन संचालन के लिए स्वच्छता को ध्यान रखते हुए सर्वसुविधायुक्त किचन शेड का निर्माण कराया गया है। जबकि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों को गैस दिया गया है। वहीं हर माह चावल का वितरण किया जाता है। लेकिन जिले में संचालित अधिकांश स्कूलों में अब भी लकड़ियों से भोजन पकाया जाता है।

धान की अफरा तफरी करने वालों पर प्रशासन की नजर

बैकुंठपुर (नवप्रदेश)। उत्पादन से ज्यादा धान होना बताकर टोकन कटवाकर धान की अफरा-तफरी करने वाले कुछ लोगों पर इन दिनों प्रशासन की नजर बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से जहां राजस्व विभाग की टीम लगातार गांवों का दौरा कर किसानों के टोकन का सत्यापन कर उत्पादन की जानकारी भी उनसे ले रही है कि वास्तव में कटे टोकन अनुसार किसानों के पास धान हैं या नहीं क्योंकि जिले में कलेक्टर कोरिया को यह शिकायत मिली हैं कि कुछ बड़े किसानों के द्वारा अधिया में खेती करने के बावजूद भी धान कम होने पर बिचौलियों से धान लेकर लाभ कमाने की मंशा से धान उपार्जन केंद्रों में खपाया जा रहा है। जहा अब जाच में कई खुलासे भी हो रहे जिससे अब अधिकारी भी अचंभित हैं। यदि कड़ाई से सत्यापन किया जाए तो और भी चौकाने वाले तथ्यों का खुलासा हो सकता हैं जरूरत हैं अधिकारियों के मॉनिटरिंग की। जिले के पटना समिति अंतर्गत आने वाले तरगवा उपार्जन केंद्र में आगामी 14 जनवरी को किसी शिवपुर पसला के एक किसान द्वारा एक बार धान बेचने के बाद दुबारा उस किसान का 200 क्विंटल का धान टोकन कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा काट दिया गया जिससे राजस्व अधिकारी को इसकी शिकायत मिलने पर धान विक्रय को लेकर शंका होने पर जांच के लिये संबंधित हल्का पटवारी को भेजा गया। नायब तहसीलदार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक घर में नए पीडीएस बारदाने में धान भरकर रखा हुआ है। ऐसे में तहसीलदार ने तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर दबिश देकर संबंधित धान के विषय में जानकारी लेनी शुरू कर दी। इस दौरान धान शिवपुर के किसी किसान का बताया गया जो कि वहाँ के कर्मचारी ने बताया वही यह बारदाना पटना समिति के पूर्व प्रबंधक के द्वारा लाना वहा कार्यरत मजदूर ने बताया वही मोके पर किसान का केवल 160 बोरी धान पाया गया जब कि टोकन में 200 क्विंटल धान विक्रय होने की जानकारी समिति तरगवा ने दी थी जिससे अब अधिकारी को शंका हैं कि कही किसान द्वारा बिचौलियों का धान लेकर तो नही खपाया जाएगा। नए पीडीएस बारदाने को लेकर भी किसान के नहीं होने के कारण जवाब मांगा गया है। जांच पूरी होने तक धान के जप्त होने की बात कहीं।

राजस्व विभाग को मिला प्रकरण

टोकन का सत्यापन किसानों के घर पहुंचकर कर रहे हैं। टीम ने ऐसे किसानों की सूची तैयार की है, जिनका जनवरी की स्थिति में दोबारा 100 क्विंटल से ज्यादा का टोकन काटा गया है। किसानों की सूची तैयार कर टोकन के सत्यापन के साथ ही धान की जानकारी के लिए सीधे किसानों के घरों में दबिश देकर काटे गए टोकन का सत्यापन कर रही है। जानकारी देते हुए बैकुंठपुर तहसीलदार ने बताया कि टोकन के सत्यापन के दौरान टीम को तरगवा समिति अंतर्गत 200 क्विंटल का टोकन काटा हुआ मिला था। जिसके बाद मौके पर जाकर सत्यापन करने पर 160 बोरी धान पाया गया। 340 बोरी धान कम है।

13 लाख 24 हजार क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे, बारिश का मंडरा रहा खतरा

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीदी केंद्रों में 13 लाख 24 हजार 162 क्विंटल धान खुले में पड़ा हुआ है। आगामी बारिश को देखते हुए फिर एक बार खरीदी प्रभावित हो सकती है। धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था और बेहतर रख-रखाव का आभाव देखने को मिला। धान खरीदी केन्द्रों में इस बदइंतिजामी की पोल हाल के दिनों में जिले में हुई बेमौसम बारिश के दौरान साफ देखने को मिली। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी समर्थन मूल्य में धान खरीदी के दौरान जिले की सेवा सहकारी समितियों में भारी अव्यवस्था और बेहतर रख-रखाव का आभाव देखने को मिल रहा है। जिसका सीधा असर केन्द्रों में किसानों से खरीदकर रखे गए करोड़ों के धान पर पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्रों में ड्रेनेज व्यवस्था अर्थात प्रारंभिक तौर पर धान बोरी को जमीन में रखने के लिए धान की भूसी अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की कमी एवं छल्ली वाले धान बोरी के आसपास पानी एकत्र हो गया था। धान खरीदी केन्द्रों में धान को बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर, तालपत्री सहित विभिन्न इंतजाम के लिए पर्याप्त राशि सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई गई थी, इसके बावजूद धान भीग गया। यदि उठाव सही रहता तो कम धान भीगता, लेकिन उठाव की रफ्तार कम होने के कारण जिले में अधिक धान भीगा है। जिस वक्त पानी गिरा था। उस समय अधिकांश केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ था। इस कारण धान को भीगने से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम समितियों के द्वारा नहीं कर पाया गया। समर्थन मूल्य में धान खरीदी एक दिसंबर से शुरू हुई है, जो चल रही है। खरीदी का एक महीना पूरा बीत गया है। दूसरे महीने की भी शुरूआत हो गई है, लेकिन इस महीने विभाग को पूरे किसानों से धान खरीदीने की कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि मात्र 17 दिन ही खरीदी हो पाएगी। माह के बाकी दिनों में सासाहिक अवकाश और त्योहार है।

40 लाख क्विंटल खरीदी का लक्ष्य

शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 40 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जानी है जिसमें अभी तक 27 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है। शेष बचे 13 लाख क्विंटल धान की खरीदी समितियों को मात्र 17 दिन में करनी है। विभाग के अफसरों का कहना है कि समय में पूरी खरीदी हो जाएगी, सभी किसानों से धान खरीदेंगे, लेकिन बड़ी समस्या ये है कि खरीदे गए धान को रखना। क्योंकि उठाव की रफ्तार एकदम कम है। अभी तक परिवहन मिलर्स द्वारा 10 लाख 88 हजार 340 क्विंटल एवं संग्रहण केंद्रों में 2 लाख 89 हजार 446 क्विंटल कुल 13 लाख 77 हजार 786 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है। खरीदी केंद्रों में परिवहन हेतु 13 लाख 24 हजार 162 क्विंटल धान खुले में पड़ा हुआ है। आगामी बारिश को देखते हुए फिर एक बार खरीदी प्रभावित हो सकती है। वर्तमान में भी अधिकांश धान उपार्जन केंद्र ऐसे है जहां बफर लिमिट से भी अधिक धान जाम है। एक दो दिन में यदि उठाव तेज नहीं किया गया तो खरीदी बंद हो सकती है।

> जिले में इस वर्ष 40 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अभी तक 27 लाख क्विंटल की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें से 13 लाख 77 हजार 786 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। उठाव 51 प्रतिशत है। आगामी बारिश को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में ताल पतरी की व्यवस्था की गई है।
>
> **संतोष सिंह,** नोडल अधिकारी धान खरीदी

सड़क हादसे में 1 बाइक सवार युवक की हुई मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्तर हाट के पास शनिवार की रात सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में एक साईकल सवार घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बाइक सवार युवक दियारी त्यौहार मनाकर बस्तर की तरफ से जगदलपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बस्तर हाट के पास उस बाइक सवार युवक ने सड़क किनारे चल रहे एक साइकल सवार को ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। साईकल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया है।

महिला पर भालू ने किया हमला, लकड़ी लेने गई थी जंगल

बलरामपुर/नवप्रदेश। महिला पर भालू ने हमला कर दिया है। राजपुर रेंज के ग्राम पहाड़ खड़ूआ जंगल में लकड़ी लेने गई हुई महिला पर भालू ने हमला कर दिया। इसमें महिला घायल हो गई और उसे गंभीर अवस्था में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हालांकि महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बलरामपुर के ग्राम पहाड़ खड़ूआ निवासी पुनि साय 55 गांव की अन्य महिलाओं के साथ लकड़ी लेने के लिए झपी पहाड़ जंगल में गई थी। इस दौरान भालू ने अचानक से उस पर हमला बोल दिया।

अवैध तरीके से खपाने ले जाया जा रहा धान पकड़ाया

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रशासन ने धान के अवैध रूप से बिक्री करने वालों बिचौलियों पर निरंतर कार्रवाई कर कर रहा है। अवैध धान विक्रय कि नियंत्रण के लिए विभिन्न दल गठित किया गया है जो अवैध तरीके से बिक्री करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। भैयाथान तहसीलदार द्वारा ग्राम बंजा में जांच के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 16 ए 1670 को अवैध धान परिवहन करते समय पकड़ा गया। वाहन चालक के अनुसार उक्त धान सूरजपुर से बंजा सोसायटी में विक्रय हेतु लाया जा रहा था जिसमें 65 बोरी धान लोड़ पाया गया। वाहन चालक के अनुसार उक्त धान सूरजपुर मिल से जो चंद्रपुर में स्थित है से लोड कर विक्रय हेतु लाया जा रहा था। यह मामला अवैध धान परिवहन का पाए जाने पर 65 बोरी धान पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 ए 1670 को जप्त कर प्रभारी चौकी बसदेयी को सुपुर्द किया गया है। इसी तरह ग्राम बरबसपुर तहसील रामानुजनगर में हल्का पटवारी द्वारा लगभग 80 बोरी बरबसपुर का धान जब्त किया गया है जो कि ट्रैक्टर महिंद्रा भूमिपुत्र (नंबर नही लिखा है) से ग्राम कंचनपुर तहसील प्रेमनगर ले जाया जा रहा था जो कि बिना किसी अनुमति के ले जाया जा रहा था। पर कार्यवाही की गई है । विगत दिनों खाद्य विभाग ने पचीरा व देव नगर में दबिश देकर 219 बोरा अवैध धान जप्त किया है तथा मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

54 क्विंटल अवैध धान जब्त, समर्थन मूल्य में बेचने की थी तैयारी

सूरजपुर/नवप्रदेश। तहसील लटोरी अंतर्गत आज ग्राम छत्तरपुर में अवैध धान परिवहन करते वाहन को जप्त कर कार्यवाही किया गया। ग्राम छतरपुर वार्ड क्रमांक सीजी 15 सीवी 1982 पिकप पर 75 बोरी जिसमें 30 क्विंटल अवैध धान पाया गया जिस पर कारवाही की गई है। इसी तरह जगन्नाथपुर वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 3012 पिकप वाहन पर भी 60 बोरी जिसमें 24 क्विंटल अवैध धन पाया गया है जिस पर कार्रवाई की गई है। अवैध रूप से धान बिक्री करने वालों पर नियंत्रण करने सत्यापन भी किया जा रहा है धान खरीदी केंद्र लटोरी अंतर्गत जारी टोकन के भौतिक सत्यापन में ग्राम सम्बलपुर के कृषक शंकरराम पिता रामनाथ के घर पर धान नहीं पाये जाने पर कार्यवाही की गई। भौतिक सत्यापन में ग्राम गोपालपुर, सिलफिली और लटोरी में भी धान नहीं पाए जाने पर टोकन निरस्ती और रकबा समर्पण की कार्यवाही की गई।

बाइक सवार तीन लोगों को ठोकर मारने के बाद होटल में घुसी ट्रेलर

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम चैतमा के पास बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने ठोकर मारते हुए होटल में जा घुसी। घटना में बाइक सवारों को चोट लगी। वहीं होटल क्षतिग्रस्त हो गया। प्राथमिक उपचार के घायलों को बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

घटना शनिवार को कटघोरा-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित चैतमा के पास हुई। बताया जा रहा है कि रंगोले ग्राम पंचायत के आश्रित मुहल्ला सिलयारी निवासी सगे भाई माखन लाल मरावी 48 वर्ष, मकसूदन सिह मरावी 50 वर्ष, सरिता मरावी 20 वर्ष गोपालपुर से छठी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान ठीक चैतमा मुख्य मार्ग के पास पहुंचे थे कि पाली की ओर से आ रही तेज रफ्तार टेलर सीजी जे 12 जेड 2121 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में लिया और सड़क किनारे खड़ी कार को ठोकर मारते हुए होटल में जा घुसा। घटना में बाइक में सवार तीनों छिटक कर दूर जाकर गिरे और घायल हो गया। जिन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के दौरान बिलासपुर रिफर कर दिया गया। घटना में होटल के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मामले की सूचना मिलते ही चैतमा चौकी प्रभारी स्थल पर पहुंचे और ट्रेलर चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।

बस्तर संभाग में कोरोना की तीसरी लहर में पहली मौत हुई

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के भानपुरी निवासी कोरोना संक्रमित एक महिला की मौत हो गई है। बस्तर संभाग में कोरोना की तीसरी लहर से पहली मौत हुई है। महिला 06 जनवरी को कोविड पॉजिटिव आई थी। जिसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान संक्रमित महिला ने दम तोड़ दिया। जिसका कोरोना के नियमों का पालन करते हुए अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। बस्तर संभाग में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा